किसी व्यक्ति विशेष के स्वभाव में विनम्रता, सरलता, शालीनता और उदारमन जैसे गुण हों तो फिर वह समाज के लिए एक मिसाल बन जाते हैं, इन्हीं गुणों की वजह से नापासर निवासी मनोज कुमार करनाणी पुत्र श्री मुरलीधर जी करनाणी व इनके भाईयों का परिवार आज हर क्षेत्र में सफलता के झंडे गाढ रहा है और नापासर के सम्मानित परिवारों में शुमार है। सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में वैसे तो यश किर्ति प्राप्ति के अनेकों तरीके आज उपलब्ध है, पर वास्तविक यश किर्ति के लिए तो उपरोक्त वर्णित गुणों के साथ कुटुंब, समाज के लिए त्याग भी करना पड़ता है, चाहे सामाजिक सांस्कृतिक आयोजन हो या खेल की प्रतिस्पर्धा या फिर समाज के लिए सामूहिक भवन निर्माण, जन हित जैसे जुड़े कार्य श्री मुरलीधर जी और उनके सुपुत्रों मनोज जी, विनोद जी और अशोक जी ने खुले दिल से आगे बढ़ कर हमेशा यथाशक्ति योगदान दिया है, इससे भी बड़ी बात तो यह है कि इतने प्रतिस्पर्धी युग के बावजूद और समृद्धि के चरम पर पहुंच कर भी मनोज जी और उनके भाईयों का आपसी प्रेम और सामंजस्य निश्चित ही अनुकरणीय है। धन वैभव के साथ एक आदर्श परिवार के रूप में समाज के बीच अपने आपको स्थापित करना, ये तो दैवीय कृपा से ही संभव है।

पैतृक गाँव नापासर हो या कर्मभूमि का क्षेत्र कोलकाता, कटक आदि हो, हर जगह करनाणी परिवार को विशिष्ट सम्मान प्राप्त है और कोई भी इनका रिश्तेदार, मित्र या परिचित इस परिवार के साथ अपने संबंध होने में फक्र महसूस करता है। अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में मनोज जी का कहना है कि मुझे तो कभी-कभी ऐसा महसूस होता है कि 'नापासर' की धरती पर कोई दैवीय कृपा है जो यहाँ एक से एक बढ़कर नररत्न जन्म लेते रहे हैं 'नापासर' की धरती को मेरा कोटि कोटि नमन्।

मनोज जी का जन्म व प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में ही संपन्न हुई, तत्पश्चात उच्च शिक्षा हेतु आपका कटक आना हुआ। पिछले १५ वर्षों से आप व्यवसाय के सिलसिले में कोलकाता में बसे हुए हैं, यहां आप आयात निर्यात के कारोबार से जुड़े हुए हैं। कोलकाता और नापासर स्थित कई सामाजिक संस्था में विशेष रूप से सक्रिय हैं। आपके सामाजिक व स्पोर्ट्स के क्षेत्र में विशेष रूचि है इसी के तहत कोलकाता में होने वाले नापासर क्रिकेट टूर्नामेंट में विशेष रुप से सहभागी रहते हैं। अपनी जन्मभूमि 'नापासर' से आपको विशेष लगाव है।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि यह बहुत ही अच्छी बात है क्योंकि हमारे देश का वास्तविक नाम तो 'भारत' ही है और वही रहना चाहिए। किसी भी देश के २ नाम नहीं तो हमारे देश के २ नाम क्यों 'भारत' शब्द में हमारे देश की गौरव गरिमा है।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए

गजानंद बंग
व्यवसायी व समाजसेवी
नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ७००३०३२२६९

गजानंद जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' का वर्णन करते हुए कहते हैं कि पहले की तुलना में 'नापासर' में बहुत परिवर्तन आया है। सड़कें बन गई हैं, आज 'नापासर' में कई औद्योगिक केंद्र स्थापित हैं, जिससे लोगों की आय का स्रोत मजबूत हुआ है। आर्थिक दृष्टि से 'नापासर' समृद्ध माना जाने लगा है। पहले यह एक गांव के रूप में था आज विकसित कस्बे का रूप ले लिया है। नापासर में स्कूल, अस्पताल, बालिका विद्यालय, होटल, कई सामाजिक प्रतिष्ठान 'नापासर' की प्रतिष्ठा को बढ़ा रहे हैं। यहां कई सामाजिक संस्थाएं हैं जो 'नापासर' के विकास के लिए सतत सक्रिय रहती हैं। नापासर के विकास में यहां के भामाशाहों का विशेष योगदान रहा है, जिनमें माहेश्वरी समाज के लोग प्रमुख हैं। शिक्षा की दृष्टि से भी 'नापासर' में काफी उन्नति की है, यहां के गणमान्य लोगों ने बालिका विद्यालय, सरकारी स्कूल के विकास में विशेष भूमिका निभाई है। यहां के सरकारी स्कूल भी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं है। आज यहां के सरकारी स्कूलों में प्रयोगशाला कंप्यूटर कक्ष जैसे कई कमरे हैं, जो विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा में सहायक हैं। यहां के सरकारी स्कूल के हेडमास्टर द्वारा स्कूल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। धार्मिक दृष्टि से भी 'नापासर' का विशेष महत्व है। यहां कई मंदिर हैं जो 'नापासर' को धार्मिक स्थल बनाते हैं, यहां कई प्राचीन और भव्य मंदिर है, जिनमें काली माता का मंदिर, गायत्री माता का मंदिर, हनुमान धोरा, हनुमान मंदिर प्रमुख हैं। काली माता मंदिर में बंग परिवार का विशेष योगदान रहा है। गायत्री माता मंदिर में वार्षिक ९ दिन का यज्ञ होता है जिसमें संपूर्ण गांव सम्मिलित होता है। यहां सरकारी अस्पताल भी लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करते हैं, कई विशेषताओं को लिए हुए है 'नापासर'।

मेरा जन्म मई १९५२ को नापासर गाँव, जिला बीकानेर, राजस्थान में हुआ। मैं पढ़ाई में बहुत ही कमजोर था, पढ़ाई में मन नहीं लगता था, खेलने में बचपन गुजरा। हमारा ६ भाई व ४ बहनों का भरापुरा परिवार है। परिवार की परिस्थिति इतनी अच्छी नहीं थी, इसके बावजूद परिवार का पालन-पोषण पिताजी ने अच्छी तरह किया। बचपन में मैंने अमीर-गरीब की सारी बातों का अनुभव किया। गाय को चारा खिलाने से लेकर गाय के गोबर की थेपडी तक बनाने का काम माँ के साथ किया। मैंने जीवन की शुरूवात निम्न स्तर से की, जहाँ से एक साधारण आदमी करता है। ८वीं कक्षा में जब मैं था तब हमलोग कोलकाता आये, यहाँ हमलोगों का सफर 'झंवर प्लेस', पी१८ कलाकार स्ट्रीट से शुरू हुआ। सर्वप्रथम मेरी पढ़ाई श्री सरस्वती विद्यालय से आरम्भ हुई, उसके बाद श्री माहेश्वरी विद्यालय में ८वीं में फ़ैल होने पर मैंने ९वीं के लिए एस. बी. मार्डन हाइस्कूल में प्रवेश लिया। यहाँ से हाई सेकेंडरी पास कर विद्यासागर कॉलेज में दाखिला लिया। यहाँ २ वर्ष पढ़ाई कर कॉलेज छोड़ दिया। मेरे भाई सावलराम के साथ व्यापार में लग गया, वहीं से मेरा व्यापार का सफर आरम्भ हुआ। हम दोनों भाईयों ने गोंद, गत्ता, मोबाइल आयल की फैक्ट्री में सप्लाई कार्य करना शुरू किया। पैसे की कमी होने के बाद भी लोगों के सहयोग से काम चलता रहा। कुछ दिनों बाद बड़े भाई इच्छलकरंजी महाराष्ट्र में कपड़े का काम करने लगे। बाद में छोटा भाई राजाराम भी यही कार्य करने लगा। मेरी शादी २३ वर्ष की उम्र में हुई। परिवार की गाड़ी अच्छी तरह चलने लगी। हम दोनों भाईयों ने अपना-अपना काम पिताजी के रहते ही अलग-अलग स्थापित कर लिया। मेरे ३लड़के व १ लड़की है। मेरे बच्चों की शादी हो चुकी है।

सामाजिक जीवन में मैंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाने लगा। आज भी मैं शाखा का स्वयंसेवक हूं। सिविल डिफेन्स का पोस्ट वार्डन बनकर कार्य किया। कोलकाता का श्रावणी में गंगासागर मेले में सक्रिय होकर सेवा कार्य किया। कुमार सभा पुस्तकालय में भी सह सचिव रह कर कार्य किया। 'नापासर' की संस्था आज हम जिसे 'नापासर नागरिक मंच' के नाम से जानते हैं वो पहले नापासर युवा मंच था, मैं सदस्य के रूप में कार्यरत हूँ।

वर्तमान में अखिल भारतीय माहेश्वरी बंग परमार्थ ट्रस्ट का उपाध्यक्ष हूँ। कोलकाता में बंग परिवार फोटो सहित नामावली की सोविनियर बना रहा हूँ, जिसका प्रकाशन २०२२ जनवरी के वार्षिक उत्सव में करूँगा।

राजनीति की यात्रा बड़ाबाजार कोलकाता से शुरू की। मैंने भारतीय जनसंघ पार्टी में जिला स्तर तक कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी में वार्ड क्र.४२ में मंत्री पद पर सेवारत रहा। जोरासांकू मण्डल का अध्यक्ष ६ सालों तक रहा।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि हम हिंदूवादी राष्ट्र में रहते हैं अतः हमारे देश का नाम भी 'भारत' ही होना चाहिए। 'भारत' शब्द प्राचीन काल से चला आ रहा है और यही शब्द हमारे देश का गौरव है। हमारे देश को 'भारत' ही बोला जाना चाहिए।

बाबूलाल करनानी
व्यवसायी व समाजसेवी
नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९४३३१२८२२४

बाबूलाल जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' की विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहते हैं कि 'नापासर' एक धार्मिक स्थल के रूप में विशेष रूप से जाना जाता है। यहां कई मंदिर बने हुए हैं। समय-समय पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। सावन के महीने में अधिक पूजा पाठ, हवन आदि कार्यक्रम होते हैं। यहां शांतिपूर्ण माहौल है। यहां सभी संप्रदाय व समाज के लोग आपसी मेल मिलाप के साथ रहते हैं व सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। आर्थिक स्थिति भी 'नापासर' की अच्छी है। यहां कई छोटी इंडस्ट्रीज है जो यहां के लोगों की आय मुख्य स्रोत है। यहां के अधिकतर लोग शाकाहारी हैं। कई विशेषताओं से परिपूर्ण है 'नापासर'। जब भी अवसर प्राप्त होता है तो 'नापासर' अवश्य जाता हूं क्योंकि मेरा पूरा बचपन 'नापासर' में ही बीता है। कोलकाता रहते हुए भी अक्सर 'नापासर' की यादों में खो जाता हूँ।

बाबूलाल जी का जन्म १९५३ को 'नापासर' में ही हुआ। आपकी मैट्रिक तक की शिक्षा यहीं हुयी है। तत्पश्चात उच्च शिक्षा हेतु कोलकाता आना हुआ। शिक्षा प्राप्ति के पश्चात पारिवारिक व्यवसाय होजरी से जुड़े। वर्तमान में आपके पुत्र यह व्यवसाय संभाल रहे हैं। आप कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं। 'नापासर' नागरिक मंच कोलकाता में ट्रस्टी के पद पर सेवारत हैं। कोलकाता स्थित नवयुवक पुस्तकालय, सुभाष क्लब, हॉस्पिटल जैसी कई संस्थाओं के साथ, नापासर स्थित संत श्री सेवाराम गौशाला से भी जुड़े हुए हैं।

अनिल सोमानी

व्यवसाई व समाजसेवी

नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९८३०५५८१०३

अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में अनिल जी कहते हैं कि हम दुनिया में कहीं भी रहें पर अपनी मातृभूमि व जन्मभूमि हमें सदैव याद आती है। आज भी मेरी यादों में 'नापासर' है, जहां मैंने अपना पूरा बचपन बिताया। पहले की तुलना में 'नापासर' में बहुत परिवर्तन आया है। सड़कें बन गई हैं, बिजली की सुविधा हो गई है, पहले जहां गंदगी रहती थी अब ड्रेनेज लाइन बन चुके हैं। आज 'नापासर' स्वच्छ व सुंदर कस्बे के रूप में जाना जाता है। सामाजिक दृष्टि से 'नापासर' बहुत ही उत्तम है। यहां सभी समाज के लोग आपसी मेल मिलाप के साथ रहते हैं व सामाजिक कार्य में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

आर्थिक दृष्टि से 'नापासर' आज समृद्ध है। व्यापार उद्योग आदि से 'नापासर' का आर्थिक विकास तेजी से हुआ है। यहां का प्रत्येक निवासी समृद्ध है। धार्मिक क्षेत्र में 'नापासर' वालों का रुझान अधिक है। समय-समय पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन यहाँ होते रहते हैं, जिसमें सभी नापासर वासी बड़े उत्साह पूर्वक सम्मिलित होते हैं। 'नापासर' साधु संतों की भूमि रही है जहां कई महानुभाव का आगमन हुआ है। यहां के मंदिरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है यहां के निवासी कितने धार्मिक हैं, कई विशेषताओं से भरा है हमारा 'नापासर'।

अनिल जी पिछले कई वर्षों से कोलकाता के हावड़ा के निवासी हैं। आपका जन्म और प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में, तत्पश्चात उच्च शिक्षा हेतु आपका कोलकाता आना हुआ, जहां आपका परिवार पिछले ५ पीढ़ियों से बसा हुआ है। यहां आपका पारिवारिक व्यवसाय गारमेंट का है साथ ही आप कंस्ट्रक्शन के कारोबार से भी जुड़े हैं। 'नापासर' स्थित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ कोलकाता में दक्षिणामूर्ति गौ सेवा समिति से कई वर्षों से जुड़े हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि हमारे देश का वास्तविक नाम प्राचीन काल से 'भारत' ही रहा है और वही रहना चाहिए।

जुगल किशोर मूंधड़ा

व्यवसायी व समाजसेवी

नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९३३१८७७५३१

जुगल जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि मैं भले ही कोलकाता में निवासित हूँ पर मेरे दिल में 'नापासर' हमेशा रहता है, इसीलिए ऐसा कोई वर्ष नहीं गया, जब मैं 'नापासर' नहीं गया हूं, वर्ष में एक दो बार अवश्य 'नापासर' जाता हूँ, कोरोना काल के दौरान ३ महीने तक 'नापासर' ही रहा हूं, यह ३ महीने कभी नहीं भूल सकता। 'नापासर' का वातावरण बहुत ही सुंदर व शांतिपूर्ण है, यहां आकर मन प्रसन्न-चित्त हो जाता है। सारी चिंताएं मिट जाती हैं। यहां का रहन-सहन, खान-पान गांव के लोग बहुत ही अच्छे हैं। यहां की सामाजिक स्थिति और धार्मिक स्थिति बहुत ही अच्छी है। यहां हैंडलूम मैन्युफैक्चरिंग का कारोबार के साथ, भुजिया, पापड़ का उत्पादन आदि कार्य प्रमुख हैं। यहां के लोग बड़े ही धार्मिक प्रवृत्ति के हैं, धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं, जिसमें संपूर्ण गांव शामिल रहता है। यहां की प्रमुख विशेषता यहां की गौशाला व संस्कृत पाठशाला है, इसके अतिरिक्त अन्य कई विशेषताएं हैं 'नापासर' में।

जुगल जी का जन्म १९६६ में व प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में संपन्न हुई। उच्च शिक्षा हेतु कोलकाता आना हुआ। यहां पर आपका परिवार पहले से ही बसा हुआ था। कुछ वर्षों तक आप मुंबई में भी प्रवासी रहे। वर्तमान में कोलकाता में आपका तिरपाल और ब्लैंकेट का कारोबार है। आपके पिताजी प्रयागचंद जी का 'नापासर' के सामाजिक कार्य में विशेष सहयोग रहा है। आप चार भाई और दो बहनें हैं। आप सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। माहेश्वरी संस्था, विक्टोरिया मॉर्निंग वॉक क्लब जैसी कई संस्थाओं से जुड़े हुए हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि हमारे देश का एक ही नाम होना चाहिए और वह है 'भारत'।

मेघराज सोनी

व्यवसायी व समाजसेवी

नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९३३९५६१२४१

मेघराज जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि यह एक सुसंस्कृत और सुशिक्षित गांव हैं, यहां से शिक्षित व्यक्ति आज देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यों के माध्यम से अपना व 'नापासर' का नाम रोशन कर रहे हैं। 'नापासर' निवासी कहीं भी रहे, देश के किसी भी भाग में भी बसे हैं पर 'नापासर' के सामाजिक कार्य व विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है, इसीलिए 'नापासर' आज एक समृद्ध गांव के रूप में जाना जाता है। 'नापासर' का वातावरण बहुत ही सुंदर व स्वच्छ है जो 'नापासर' को अधिक आकर्षक बनाता है।

मेघराज जी का जन्म व प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में संपन्न हुई है। उच्च शिक्षा हेतु आपका कोलकाता आना हुआ। यहां आभूषणों के कारोबार से जुड़े हैं। आप समाजसेवी के रूप में विख्यात हैं, विशेषकर आयुर्वेद के क्षेत्र में आपका विशेष योगदान रहा है। आप आयुर्वेद के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में आपका व्यवसाय आपके पुत्र संभाल रहे हैं। आपके ३ पुत्र हैं। कोलकाता स्थित कई सामाजिक संस्था से जुड़े हैं। नागौर कामधेनु गौशाला की कोलकाता शाखा के अध्यक्ष पद पर सेवारत हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि हमारे देश का नाम सिर्फ और सिर्फ 'भारत' ही होना चाहिए, जिस पर हमें गर्व है।

सुशील कुमार माहेश्वरी

व्यवसायी व समाजसेवी

नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९८३११७१२३१

सुशीलजी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि यह एक सुंदर और समृद्ध गांव है। यहां के निवासी शांत व धार्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तित्व के धनी है। साल में चार-पांच बार अवश्य 'नापासर' आपका जाना होता है। आज यह गांव विकासशील गांव के रूप में जाना जाता है। यहां के भामाशाह व दानदाताओं द्वारा गांव के विकास में विशेष सहयोग प्राप्त होता है। यहां कई सामाजिक संस्थाएं हैं जो 'नापासर' के विकास में सतत सक्रिय रहती हैं। यहां की संत श्री सेवाराम गौशाला व शिव मठ एक विशेष सामाजिक पहचान है। यहां के धार्मिक स्थानों में हनुमान धोरा विशेष रूप से प्रसिद्ध है, यहां की अपनी मान्यताएं हैं। कई विशेषताओं से भरा है हमारा 'नापासर'।

सुशीलजी का जन्म 'नापासर' के पास स्थित काकड़ नामक गांव में हुआ, जो आपका ननिहाल है। आपकी प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में हुई, तत्पश्चात उच्च शिक्षा व स्नातक की शिक्षा कोलकाता से संपन्न की। जहां आपका परिवार पहले से ही निवासित था। कोलकाता में कपड़े व कंस्ट्रक्शन के कारोबार से जुड़े हुए हैं। नापासर व कोलकाता स्थित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय रहते हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि यह एक बहुत ही अच्छा मुद्दा है और यह जरूरी भी है कि हमारे देश का नाम एक हो और वह हो 'भारत'!

हेमन्त मूंधड़ा

व्यवसायी व समाजसेवी

नापासर निवासी-कानपुर प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९३३६१०५७४९

हेमन्त जी अपनी पैतृक भूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि इस गांव का इतिहास लगभग ५०० साल से भी अधिक पुराना है। कहा जाता है कि इसकी स्थापना नापाजी द्वारा किया गया था। उन्हीं के नाम से इस गांव का नाम 'नापासर' पड़ा। हमारा 'नापासर' आज एक विकसित कस्बे के रूप में जाना जाता है। कस्बा होते हुए भी यहां नगरपालिका स्थापित है। कुछ वर्षों में यहां का विकास बहुत ही तेज गति से हुआ हैं। हमारे लिए हमारा गांव ही दुनिया है, लोग विदेश घूमने जाते हैं पर हमारे लिए हमारा 'नापासर' ही विदेश है। यहां आकर मन आनंदित और प्रफुल्लित हो जाता है, सारी चिंताएं मिट जाती हैं, जिस शहर की भाग दौड़ भरी जिंदगी में हम जी रहे होते हैं, उससे कुछ समय के लिए और यहां आकर मानसिक शकुन प्राप्त होता है, इसीलिए वर्ष में जब भी संभव होता है 'नापासर' अवश्य जाता हूं। यहां के लोग, यहां के निवासी सभी अच्छे, प्रिय और मिलनसार हैं। यहां के लोग सामाजिक कार्यों में भी विशेष रूप से सक्रिय रहते हैं। 'नापासर' के विकास में यहां के भामाशाहों का विशेष योगदान रहा है।

यहां कई सामाजिक संस्थाएं हैं जिनमें श्री संत सेवाराम गौशाला, माहेश्वरी भवन प्रमुख है जो यहां के दानदाताओं के सहयोग से निर्माण किया गया है। हमारे परिवार का भी इसमें विशेष योगदान रहा है। यहां कई धार्मिक स्थल भी हैं जिनमें हनुमान धोरा, हनुमान मंदिर, काली माता जी का मंदिर आदि कई प्रमुख हैं। नापासर के निवासी आज देश-विदेश में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं।

हेमन्त जी का जन्म व प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में संपन्न हुई है। तत्पश्चात उच्च शिक्षा हेतु आपका मुंबई आना हुआ। इंटर व कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े, जो ऊंट छाप तिरपाल के नाम से प्रसिद्ध है। कुछ वर्षों तक यहां व्यवसाय करने के बाद आपका १९९२ में भारत का एक राज्य उत्तर प्रदेश का एक शहर कानपुर आना हुआ। कानपुर में भी आप इसी व्यवसाय से जुड़े। कानपुर स्थित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में से भी जुड़े हुए हैं। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सदस्य हैं। पेशेन्ट हेल्थ केयर सोसायटी, सालासर बालाजी मंदिर ट्रस्ट व अन्य कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। आपका ४ भाई व दो बहनों का परिवार हैं। भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका पूर्ण समर्थन है।

शंकरलाल झंवर

व्यवसायी व समाजसेवी

नापासर निवासी-गुवाहाटी प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९८२९९६५३४३

शंकरलाल जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि पहले और आज के 'नापासर' में रात-दिन का फर्क आ गया है, पहले यहां खेती-बाड़ी होती थी। गाय, भैंसों का जमावड़ा रहता था। हर घर खुला होता था। कोई नया मेहमान आता, वह पूरे गांव का मेहमान होता था। 'नापासर' जैसा गांव अन्य कहीं भी देखने को नहीं मिलेगा। यहां ३६ कौम बसती है। सभी आपस में प्रेम और भाईचारे के साथ रहते हैं। आज भी गांव में सभी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, सभी एक दूसरे को नाम से पहचानते हैं। आज 'नापासर' के अधिकतर लोग रोजगार व उद्योग धंधे हेतू देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवासित हो गए। वे भी अपने 'नापासर' से जमीनी रूप से जुड़े हुए हैं। आज 'नापासर' में बाहर से आकर बसने वालों की संख्या अधिक हो गई है। सभी में आपसे भाईचारा है। भौगोलिक दृष्टि से भी 'नापासर' बहुत ही उत्तम है। धार्मिक दृष्टि से 'नापासर' एक धार्मिक स्थान कहा जा सकता है क्योंकि यहां हर गली में आपको मंदिर मिल जाएंगे, जिनमें से प्रसिद्ध मंदिर शिव मठ, हनुमान धोरा, हनुमान मंदिर आदि है। शिव मठ एक संस्कृत पाठशाला है, जिसे पंडितों के निर्माण की फैक्ट्री कहा जा सकता है। यहां के गायत्री मंदिर में सालाना गायत्री पुष्पचरण फाल्गुन महीने में होता है। यहां कीर्तन पिछले ३० वर्षों से चल रहा है। कई विशेषताओं को लिए हुए हैं हमारा 'नापासर'। शंकरलाल जी का जन्म व प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में ही सम्पन्न हुयी। व्यवसाय हेतु २५ सालों तक असम स्थित गुवाहाटी में बसे, जहाँ मोटर पार्ट्स के व्यवसाय से जुड़े रहे। वर्तमान में 'नापासर' में रहते हैं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं।

भारत को 'भारत' ही कहा जाए विषय पर अपना पूर्ण समर्थन देते हुए कहते हैं कि हमारे देश का वास्तविक नाम 'भारत' है और वही रहना चाहिए।

देवकिशन मूंधड़ा

व्यवसायी व समाजसेवी

नापासर निवासी-चैन्नई प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९८४०६०२८८४

देवकिशन जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि 'नापासर' में बहुत तेजी से विकास हुआ है पहले यह एक गांव के रूप में था, आज विकसित कस्बा है। 'नापासर' धार्मिक कस्बे के रूप में विशेष रूप से जाना जाता है। यहां कई मंदिर हैं साथ ही यह संतों की भूमि रही है। यहां कई संतों का आगमन हुआ है और उनकी तपोस्थली भी रही है। अगर देखा जाए तो 'नापासर' में मुख्यतः माहेश्वरी समाज की संख्या अधिक है साथ ही ब्राह्मण, सुथार, जाट आदि समुदाय के लोग भी रहते हैं, सभी समृद्ध हैं। साथ ही सभी में 'नापासर' के लिए भी विशेष लगाव बना हुआ है। कहीं भी रहें अपनी जन्म भूमि के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

'नापासर' के विकास में यहां के निवासियों का विशेष योगदान रहा है। आज 'नापासर' के निवासी देश के विभिन्न भागों में बस कर अपना और 'नापासर' नाम रोशन कर रहे हैं। देव किशन जी का जन्म व उच्च माध्यमिक शिक्षा 'नापासर' में ही संपन्न हुई है। तत्पश्चात बीकानेर से उच्च शिक्षा ग्रहण की, शिक्षा प्राप्त करने के बाद कोलकाता आना हुआ। कुछ वर्षों तक यहां रहने के बाद आप व्यवसाय के निमित्त चैन्नई आकर बस गए। पिछले २० वर्षों से चैन्नई के प्रवासी हैं और यहां प्लास्टिक ट्रेडिंग के कारोबार से जुड़े हुए हैं। आप कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हैं। माहेश्वरी समाज में सदस्य के रूप में सेवारत हैं। 'नापासर' स्थित केसरिया ग्रुप से भी जुड़े हुए हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि हमारे देश का नाम भारत है और 'भारत' ही रहना चाहिए, इस विषय का पूर्ण समर्थन करता हूँ।

बिहारीलाल मूंधड़ा

व्यवसायी व समाजसेवी

नापासर निवासी

भ्रमणध्वनि: ९८२९८९९०८७

बिहारी लाल जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि 'नापासर' पहले एक गांव के रूप में था, आज यह विशाल कस्बे का रूप धारण कर लिया है। आज 'नापासर' में कई सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं। आज यहां इंडस्ट्रीज हैं। आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से 'नापासर' विकास की ओर निरंतर बढ़ता जा रहा है। यहां के शॉल, चादर, टाइल्स, मट्टी की मटकी, झालर मशीन, पापड़ और रोटी बेलने वाली मशीन प्रसिद्ध है।

इन मशीनों का निर्यात देश के विभिन्न भागों में होता है। धार्मिक दृष्टि से भी 'नापासर' महत्वपूर्ण है। यहां कई मंदिर हैं जिनमें हनुमान वाटिका, हनुमान धोरा, माता जी का मंदिर प्रसिद्ध है, साथ ही यहां स्थित शिवालय भी पूरे राजस्थान में प्रसिद्ध है जो कि एक संस्कृत पाठशाला है। यहां से शिक्षित विद्वान आज पूरे राजस्थान व भारत के अन्य भागों में अपना नाम विख्यात किए हुए हैं। यहां की पंडरिया तलाई पूरे भारत में प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि पांडव जब वनवास के लिए निकले थे तो यहां रुके थे। सामाजिक दृष्टि से 'नापासर' महत्वपूर्ण है यहां हर समाज व धर्म के लोग प्रेम भाव व भाईचारे के साथ रहते हैं। यहां सबसे अधिक संख्या बनियों में माहेश्वरी की है। यहां माहेश्वरी परिवार के लगभग ३००० घर हैं जो कि राजस्थान में ही नहीं पूरे भारत में एकमात्र गांव है जहाँ इतने परिवारों की संख्या है।

बिहारी लाल जी का जन्म व संपूर्ण शिक्षा 'नापासर' में हुई है। वर्तमान में आप निजी कारोबार से जुड़े हुए हैं। १० वर्षों तक आपने मुंबई में भी व्यवसाय किया। 'नापासर' स्थित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में सदस्य के रूप में सतत सक्रिय रहते हैं। चिड़िया दल के माध्यम से रामदेवरा जी के लिए यात्रियों को दर्शनार्थ ले जाते हैं इस ग्रुप के आप अध्यक्ष पद पर सेवारत हैं, साथ ही केसरिया ग्रुप के भी अध्यक्ष है। इस कार्यक्रम को लगभग २८ वर्ष पूर्ण हो चुके हैं।

शिव कुमार झंवर

व्यवसायी व समाजसेवी

नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९३३९८८४६६७

शिवजी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि 'नापासर' एक सुंदर गांव है। 'नापासर' की पंचायत राजस्थान की सबसे बड़ी पंचायत के रूप में जानी जाती है। 'नापासर' धार्मिक रूप में जाना जाता है क्योंकि यहां हर मोहल्ले में मंदिर हैं, यहां के लोग धार्मिक प्रवृत्ति वाले हैं, यहां संत श्री सेवाराम गौशाला है जो सबसे बड़ी गौशाला है। यहां शिव मठ संस्कृत पाठशाला है जहां से कई विद्वान व प्रकाण्ड पंडित हुए है। यहां सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल व स्कूल हैं। आज 'नापासर' के निवासी देश के विभिन्न भागों में बसे हैं। कोलकता में ही लगभग २०० से अधिक परिवार प्रवासित हैं, जो 'नापासर नागरिक मंच' के माध्यम से जुड़े हुए हैं, इनके द्वारा होली मिलन कार्यक्रम व नापासर क्रिकेट टूर्नामेंट का भी आयोजन होता है जिसे पिछले २६-२७ सालों से आयोजित किया जा रहा है। मरुधर लायंस क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में भी 'नापासर' के युवक बड़े उत्साह से सहभागी होते हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में 'नापासर' के निवासी आपको मिल जाएंगे जो आज भी अपनी मातृभूमि 'नापासर' से जुड़े हुए हैं और 'नापासर' के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते है। 'नापासर' में माहेश्वरी समाज की संख्या अधिक है, जो करीब ७०% कपड़ों के कारोबार से जुड़े हुए हैं, कई विशेषताओं को लिए हुए है हमारा 'नापासर'।

शिव जी का जन्म 'नापासर' में हुआ है। आपकी संपूर्ण शिक्षा-दिक्षा कोलकाता में संपन्न हुई, यहां कपड़ों के कारोबार से जुड़े हुए है। 'नापासर' नागरिक मंच कोलकाता के सचिव पद पर सेवारत हैं, अन्य कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं। 'नापासर' स्थित गौशाला व माहेश्वरी भवन से भी आप संबंधित हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि हमारे देश का नाम 'भारत' ही रहना चाहिए, इसमें देशभक्ति की व अपनों की खुशबू आती है। 'भारत' शब्द बोलने पर हमें गर्व महसूस होता है अतः हमारे देश का नाम केवल 'भारत' ही होना चाहिए।

नापासर के विकास में सतत सक्रिय आसोपा परिवार

लालचन्द आसोपा
नापासर
प्रधान, पंचायत समिति बीकानेर
भ्रमणध्वनि: ९८२९९२२५४७

बीकानेर पंचायत समिति के नव निर्वाचित प्रधान नापासर निवासी लालचन्द आसोपा व्यवसायिक रुप से कृषि और व्यापार से जुड़े हुए हैं।

पिछले १५ वर्षों से आप समाज सेवा से जुड़े हैं। 'नापासर' की समाजिक संस्थाओं से आपका जुडाव शुरू से ही रहा है। वर्तमान में भी नापासर युवा मित्र के मंडल संरक्षक और महर्षि दधीचि सेवा समिती के अध्यक्ष पद पर भी सेवारत हैं। ग्राम पंचायत नापासर के पिछले कार्यकाल में आप वार्ड पंच रहे और ग्राम विकास के कार्यों के लिये सदैव प्रयासरत रहे। आपकी सक्रियता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने पंचायत समिति के सदस्य के चुनाव हेतु आपको अपना उम्मीद्वार बनाया, जिसमें जीत हासिल करने के पश्चात प्रधान हेतु भी कांग्रेस पार्टी ने आपका नाम घोषित किया, जिसमें भी आपने विजय प्राप्त कर 'नापासर' में इतिहास रच दिया, क्योंकि बीकानेर पंचायत समिति की सब से बड़ी ग्राम पंचायत होने के बावजुद ७० साल के इतिहास में 'नापासर' का कोई प्रधान नहीं बन पाया था। आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि के देखते हुए न केवल 'नापासर' वासियों को अपितु बीकानेर पंचायत समिति क्षेत्र के लोगों को आपसे विशेष उम्मीद थी।

पारिवारिक पृष्ठभूमि: श्री आसोपा स्व. श्री महादेव आसोपा के सबसे छोटे पुत्र हैं। आसोपा परिवार समाज सेवा और राजनैतिक रुप से सदैव सक्रिय रहा है। आजादी से पूर्व श्री आसोपा के बड़े दादाजी स्व श्री रघुनाथ जी आसोपा समाज सेवा में अग्रणी थे। एक समय था जब 'नापासर' को 'रूघजी वाला नापासर' के नाम से जाना जाता था। आजादी से पूर्व सरकार ने उन्हें नापासर नगरपालिका के उपाध्यक्ष के रुप में मनोनीत किया, जो वर्षों तक 'नापासर' की जनता की सेवा में लगे रहे। 'नापासर' का विद्युतीकरण का श्रेय भी आपको ही जाता है, क्योंकि आपने ही सर्वप्रथम पांच विद्युत कनेक्सन अपने परिवार और मन्दिरों लगाई थी, जिसके बाद ही 'नापासर' में बिजली आ सकी।

आपके पुत्र श्री धनराज जी आसोपा ने वर्षों तक गांव की सेवा की। सैकड़ों गांव के लोगों को नहरी भुमि आवंटित करवाई, जिसके लिये आज भी लोग आपको याद करते हैं। नापासर नगरपालिका के प्रथम निर्वाचित चेयरमैन श्री आसोपा के ताऊजी श्री सत्यनारायण जी आसोपा रहे और नापासर के नियोजित विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। कालान्तर में नापासर ग्राम पंचायत बनने के पश्चात आसोपा परिवार के ही ताऊजी श्री बजरंग लाल जी आसोपा लम्बे समय तक सरपंच रहे और गांव के विकास में कई महत्वपूर्ण कार्य किये, जिसमें पेयजल योजना का क्रियान्वयन महत्वपूर्ण है। पुत्र घनश्याम आसोपा भी दो बार नापासर सरपंच रहे और नापासर में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किये। 'नापासर' में सीवर लाईन और सफाई व्यवस्था आपके महत्वपूर्ण कार्य रहे।

स्व. श्री महादेव आसोपा आपके पिताश्री निरन्तर गरीब हितेषी रहे, बड़े भाई श्री श्यामसुन्दर आसोपा ग्राम उत्थान हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। वर्तमान में आप अखिल भारतवर्षीय दाहिमा (दाधीच) ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और समाज हित के कार्यों में लगे रहते हैं। अभी हाल ही में आपके ही नेतृत्व में कोरोना काल में ग्रामीणों के सहयोग से अन्नपूर्णा रसोई का संचालन हुआ और गांव में करीब एक लाख अठानवे हजार भोजन (पैकेटों) का वितरण किया गया। संक्षेप में आसोपा परिवार सदैव नापासर के विकास हेतु तत्पर रहा है। १०० से अधिक वर्ष पहले मुख्य बाजार में स्थित आसोपा धर्मशाला एवं जन सामान्य एवं गोधन के पेयजल हेतु विशाल पक्की तलाई का निर्माण, जो आज भी जस का तस है, इसके अलावा अन्य समाज के सहयोग से गांव के लिये मीठे पानी का कुआं निर्माण, नवयुवक पुस्तकालय निर्माण में सहयोग की बात, खेलकूद को बढावा देने हेतु सुभाष क्लब की स्थापना, जिसके संस्थापक सदस्य श्री आसोपा के पिताजी महादेव जी आसोपा रहे हैं। वैदिक शिक्षा को बढावा देने के लिये संस्कृत पाठशाला की स्थापना में भी आसोपा परिवार का सहयोग रहा है।

पन्नालाल कोठारी
व्यवसायी व समाजसेवी
'नापासर' निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३३०९२६६३३

पन्नालाल जी अपनी मातृभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि 'नापासर' शांत और विकासशील कस्बा है। एक कस्बा होते हुए भी यहां पंचायत स्थापित है। पहले की तुलना में 'नापासर' में बहुत विकास हुआ है। लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। 'नापासर' में अधिकतर परिवार माहेश्वरी समाज के हैं, जो आज देश-विदेश में अपना व्यवसाय जमाए हुए हैं। अपने सामाजिक कार्य के माध्यम से अपना व 'नापासर' का नाम रोशन कर रहे हैं। 'नापासर' के विकास में यहां के भामाशाहों का विशेष योगदान रहा है। 'नापासर' में उद्योग भी हैं, कई संतों की कर्मस्थली भी रही हैं, यहां कई संतों का आगमन हुआ है। 'नापासर' के निवासी धार्मिक कार्यों में अधिक सक्रिय रहते हैं, इसलिए यहां कई मंदिर बने हैं। यहां के मंदिरों में हनुमान धोरा, हनुमान मंदिर, शिव मठ लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र है, साथ ही 'नापासर' की विशेषताओं में प्रमुख है यहां की संत श्री सेवाराम गौशाला। अन्य कई विशेषताएं लिए हुए है 'नापासर'। ७५ वर्षीय पन्नालाल जी का जन्म व संपूर्ण शिक्षा 'नापासर' में ही संपन्न हुई, तत्पश्चात आपका भी कोलकाता आना हुआ। कोलकाता में ६० वर्षों से एक कपड़ा व्यवसायी के रूप में कार्यरत हैं, साथ ही सामाजिक कार्य में भी सतत सक्रिय रहते हैं। किसी भी सामाजिक कार्यों के लिए आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करते रहते हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि प्राचीन काल से ही हमारे देश का नाम 'भारत' रहा है और इसे हिंदुस्तान भी कहा जाता है, पर वास्तविक नाम तो 'भारत' ही है अतः हमारे देश का नाम भारत ही होना चाहिए।

दामोदर प्रसाद झंवर (दमजी)
प्रसिद्ध समाजसेवी व व्यवसायी
नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३५२६३८१५१

दामोदर जी अपनी जन्मभूमि व कर्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि 'नापासर' बीकानेर का एक प्रसिद्ध कस्बा है। यह एक धार्मिक नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां के लोग धार्मिक व सामाजिक प्रवृत्ति वाले हैं। 'नापासर' के हर मोड़ पर आपको एक मंदिर दिख जायेगें, जो यहां के लोगों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है। 'नापासर' के विकास में यहां के भामाशाहों का विशेष योगदान रहा है। नापासर स्वच्छ व सुंदर कस्बा है। एक कस्बा होते हुए भी यहां पंचायत स्थापित है। यहां के निवासी आज देश के विभिन्न भागों में बसे हुए हैं फिर भी सभी अपने 'नापासर' से जुड़े हुए हैं, कई विशेषताओं को लिए हुए हैं हमारा 'नापासर'।

दामोदर जी का जन्म २७ मई १९३८ को 'नापासर' में ही हुआ। आपकी प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में तथा माध्यमिक शिक्षा जैन कॉलेज बीकानेर से हुई, तत्पश्चात उच्च माध्यमिक शिक्षा कोलकाता के सिटी कॉलेज से हुई, तभी से आप कोलकाता में प्रवासित हैं। यहां आप व्यापार से जुड़े हैं। वर्तमान में आप 'नापासर' में निवासित हैं। अनाज व मिठाई के कारोबार से जुड़े हुए हैं। आप सामाजिक संस्थाओं में विशेष रूप से सक्रिय रहते हैं। नापासर माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट व नापासर विकास सहयोग समिति के अध्यक्ष पद पर सेवारत हैं। नापासर माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के माध्यम से दानदाताओं के सहयोग से माहेश्वरी भवन के निर्माण में आपका विशेष सहयोग रहा है। सीएम मुंदडा मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से यहां स्थित बालिका विद्यालय का नवनिर्माण आप ही के कठोर संघर्ष का प्रतिरूप है। आप स्वच्छता के लिए विशेष रूप से सक्रिय रहते हैं, अन्य कई सामाजिक कार्य में भी विशेष भूमिका निभाते रहते हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि बिल्कुल हमारे देश का नाम 'भारत' है और 'भारत' ही रहना चाहिए, यही हमारी संस्कृति व पहचान है।

नापासर की बहुमुखी प्रतिभा

सुमन मूँधडा
समाजसेवी, प्रेरक वक्ता काउंसलर
इवेंट व्यवस्थापक
नापासर निवासी
भ्रमणध्वनि: ७८७७४३१०३७

बीकानेर जिले के 'नापासर' निवासी श्री बालचन्द जी मूंधड़ा (उचोवला) की सुपौत्री तथा श्री गिरधारी लाल जी एवं श्रीमती विमला देवी मूंधड़ा की सुपुत्री सुमन मूंधड़ा माहेश्वरी समाज के लिये एक ऐसा जाना पहचाना नाम है जो अपने व्यक्तिगत प्रयासों से समाज के सैकड़ों विवाह योग्य युवक-युवतियों के निःशुल्क रिश्ते करवाकर एक अनूठी सेवा का कार्य कर रही हैं।

'नापासर' के प्रमुख समाजसेवी श्री सोहनलाल जी झंवर (नीमड़ीवाला) की दोहिती सुमन की प्रारंभिक, शिक्षा 'नापासर' में ही हुई है। आपने दसवीं कक्षा की परीक्षा में विशेष योग्यता सूची में स्थान प्राप्त किया, तत्पश्चात आगे की पढ़ाई पूना महाराष्ट्र से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया है।

सुमनजी बचपन से ही मिले समाज सेवा के सदसंस्कारों का ही परिणाम है कि समाज के लिये कितना भी करुं वह कम ही होता है की भावना के साथ कार्य कर रही हैं। आपने घर पर रहते हुए ही ऑनलाइन समाज सेवा शुरू की और फेसबुक पर माहेश्वरी क्लब ग्रुप बनाया, जिसमें ३ लाख से भी ज्यादा माहेश्वरी सदस्य हैं, इस ग्रुप के माध्यम से समाज की महिलायें घर बैठे ऑनलाईन सेलिंग कर १०,००० से १५,००० मासिक कमा रही हैं। समाज की सबसे बड़ी समस्या युवक-युवतियों के शादी को लेकर हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिये सुमन जी ने 'माहेश्वरी परिचय मित्र' नाम से टेलीग्राम ग्रुप पर युवक-युवतियों को जोड़ रही हैं। इस ग्रुप के माध्यम से अब तक ५१०० से ज्यादा रिश्ते निःशुल्क करवाये जा चुके हैं तथा १०००० से भी ज्यादा बायोडाटा आपके पास उपलब्ध हैं। आपकी इन सेवाओं को देखते हुए कई संगठनों द्वारा आपको विभिन्न सम्मान प्राप्त हुए हैं।

नोटबंदी के दौरान सुमन जी ने नापासर की बैंक में एक महीने तक निःशुल्क सेवाएं प्रदान की, जिसके लिये नापासर ग्रामवासियों द्वारा काफी सराहना की गई। बहुत से परिचय सम्मेलनों को होस्ट करने वाली सुमनजी को जोधपुर, इन्दौर तथा दिल्ली समाज द्वारा भी सम्मानित किया गया है।

प्रशंसा और प्रचार से दूर रह कर मानवता की सेवा ही आपका ध्येय रहा है, जिस जज्बे को 'मेरा राजस्थान' परिवार प्रणाम करता है।

सुमन मूंदड़ा जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहती हैं कि हम चाहे जहां भी रहें पर अपनी जन्मभूमि व पैतृक भूमि को कभी नहीं भूल सकते, वह हमारी यादों में हमेशा रहती है, इसी तरह मेरी यादों में हमेशा 'नापासर' व 'नापासर' में बिताया हुआ समय हमेशा ही रहता है। 'नापासर' एक महत्वपूर्ण कस्बा है जो बीकानेर से मात्र ३० किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, इसे धार्मिक नगरी भी कहा जाता है, सारी सुविधाओं से संपन्न है 'नापासर'!

'नापासर' में एक कमी है कि यहां का जो विकास होना चाहिए था वह नहीं हो पाया, आज भी लड़कियों को उच्च शिक्षा हेतु बीकानेर जाना पड़ता है। नापासर में एक भी कॉलेज नहीं है जिससे कई लड़कियों की पढ़ाई वहीं रुक जाती है, अतः इसके लिए सभी नापासर वासियों को प्रयास करना चाहिए। भारत को 'भारत' की बोला जाए विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए सुमन जी कहती हैं कि यह एक अच्छी पहल है और इसके लिए सभी भारतवासियों को प्रयास करना चाहिए। सर्वप्रथम हमें अपनी तरफ से ही इसके लिए पहल करनी होगी और राजनीतिक दृष्टि में इसका बिल पारित करवाना होगा, तभी हम भारत मां को सच्चा सम्मान दिलवा पाएंगे।

बृज गोपाल मूंधड़ा
व्यवसायी व समाजसेवी
नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८३०५५७०५७

बृज गोपाल जी अपनी पैतृक भूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में नापासर का विकास अवश्य हुआ है, पहले यहां सड़कें नहीं थी, चारों तरफ रेत ही रेत था। घर के बाहर भी रेत होती थी, अब यहां पक्की सड़कें बन गई हैं। यातायात की सुविधा बढ़ गई है। गाड़ियों का आवागमन अधिक होने लगा है। पहले गांव जाने के लिए बीकानेर से पैदल जाया जाता था, पर अब यातायात की सुविधा हो जाने से गांव का सफर अच्छा हो गया है। 'नापासर' बीकानेर से मात्र २७ किलोमीटर की दूरी पर ही स्थित है। 'नापासर' को माहेश्वरीओं का गढ़ कहा जाता है, यहां अधिकतर संख्या माहेश्वरीओं की है। यहां के माहेश्वरी परिवार अधिकतर व्यापार उद्योग में लगे हुए हैं। 'नापासर' के लोग भारत के विभिन्न भागों में बसे हुए हैं और अपने कार्यों व व्यापार के माध्यम से 'नापासर' का नाम रौशन कर रहे हैं। आज 'नापासर' में माहेश्वरीओं की संख्या कम हो गई है और अन्य समाज के लोगो की संख्या अधिक हो गई है। 'नापासर' के विकास में माहेश्वरी समाज का महत्वपूर्ण योगदान है, इनके द्वारा 'नापासर' में एक भव्य सुंदर माहेश्वरी भवन का निर्माण किया गया है। 'नापासर' में कई धार्मिक स्थल हैं, जो यहां के लोगों की आस्था का प्रतीक है। 'नापासर' को संतों की भूमि कहा जाता है। यहां कई संतों का आगमन हुआ है और यहां के लोगों को व इस भूमि को आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।

५१ वर्षीय बृज गोपाल जी का पैतृक निवास स्थान है 'नापासर', आपका परिवार कई वर्षों से कोलकाता का प्रवासी है, जो पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले में स्थित बनगांव में बसा हुआ था। विगत कुछ वर्षों से आप कोलकाता में प्रवासित हैं। आपका जन्म बनगांव में ही हुआ है। आपकी आरंभिक शिक्षा भी यहीं संपन्न हुई, तत्पश्चात संपूर्ण शिक्षा कोलकाता में संपन्न की। यहां आप रेडीमेड कपड़ों के कारोबार से जुड़े हुए हैं, साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। कोलकाता में स्थित नापासर नागरिक परिषद में अध्यक्ष पद पर सेवारत हैं।

भारत बने 'भारत' विषय पर आपका कहना है कि हमारे देश का नाम तो हमेशा 'भारत' ही रहा है और भारत ही रहना चाहिए, भारतीयता हमारी वास्तविक पहचान है।

नारायण झंवर
व्यवसायी व समाजसेवी
नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३३१००७३७२

नारायण जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि 'नापासर' एक विकासशील कस्बा है। पहले की तुलना में आज यहां बहुत ही परिवर्तन आ गए हैं। सड़कें, लाइटें आदि की सुविधा अच्छी हुई है। यहां सभी समाज के लोग आपसी मेल-मिलाप के साथ रहते हैं, अधिकतर माहेश्वरीओं की संख्या है। आज 'नापासर' के विकास में माहेश्वरी समाज का विशेष योगदान रहा है। 'नापासर' निवासी देश के विभिन्न भागों में बसे हुए हैं। अपने रोजगार व समाज कार्य से 'नापासर' का नाम रोशन किए हुए है। 'नापासर' में कई मंदिर हैं, जो यहां के लोगों की धार्मिकता का प्रतीक है, कई विशेषताओं को लिए हुए है हमारा 'नापासर'।

५४ वर्षीय नारायण जी का जन्म 'नापासर' में व संपूर्ण शिक्षा-दीक्षा कोलकाता में संपन्न हुई। आपका परिवार पिछले ६० सालों से कोलकाता में प्रवासित है। आपके पिताजी व ताऊजी का संयुक्त परिवार आज भी कोलकत्ता में संयुक्त रूप से व्यवसाय में कार्यरत है। आपके ताऊजी के ३ पुत्र व आप २ भाई एक ही साथ व्यवसाय में कार्यरत हैं। आप सामाजिक कार्यों में सतत सक्रिय रहते हैं। 'नापासर' स्थित गौशाला में पूरी तरह से समर्पित हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाना चाहिए विषय पर आपका कहना है कि यह बहुत ही अच्छा विचार है और यह अवश्य होना चाहिए।

भारत हमारा गौरव है। भारत हमारी संस्कृति की पहचान है, अतः हमारे देश का नाम केवल 'भारत' ही होना चाहिए।

आसाराम झंवर
व्यवसायी व समाजसेवी
नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३३९४१६१६६

आसाराम जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि 'नापासर' एक विकासशील कस्बा है, यहां हर सुविधा आसानी से उपलब्ध हो जाती है। यहां के निवासी आज देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं और अपने कार्यों के माध्यम से 'नापासर' का नाम रोशन कर रहे हैं। नापासर निवासी धार्मिक व सामाजिक प्रवृत्ति वाले हैं, विशेषकर धार्मिक कार्य में विशेष रुझान रहता है, हर धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सरीक होते हैं। 'नापासर' का हर निवासी व्यक्तिगत रूप से भी एक दूसरे से जुड़ा है। 'नापासर' में कई धार्मिक स्थल हैं, यहां कई साधु-संतों का आगमन हुआ है। कईयों की तो यह तपोभूमि भी रही है। 'नापासर' के बारे में जितना कहा जाए उतना कम होगा, कई विशेषताओं से भरा है हमारा 'नापासर'।

६१ वर्षीय आसाराम जी पिछले ४० वर्षों से कोलकाता के प्रवासी हैं। आपका जन्म व संपूर्ण शिक्षा 'नापासर' में ही संपन्न हुई। कोलकाता में आप कपड़ों के कारोबार से जुड़े हुए हैं व व्यक्तिगत रूप से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं।

भारत को 'भारत' बोला ही जाए विषय पर आपका कहना है कि हमारे देश का नाम 'भारत' है और 'भारत' ही रहना चाहिए, क्योंकि यही हमारी विशेष पहचान है।

प्रेम मित्तल
व्यवसायी व समाजसेवी
तारानगर निवासी-वापी प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३७४९८६२७२

प्रेम जी तारानगर के निवासी हैं। आपका जन्म व संपूर्ण शिक्षा 'तारानगर' में ही संपन्न हुई है। रोजगार हेतु पिछले २० वर्षों से वापी में प्रवासी हैं। वापी के सुपर ट्रांसपोर्ट ऑफ इंडिया नामक कंपनी में विशेष पद पर सेवारत हैं, साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं। श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ प्रचार मंडल में पिछले ७ सालों से जुड़े हैं और वर्तमान में ट्रस्टी के रूप में कार्यरत हैं। वापी स्थित अग्रवाल समाज में भी सदस्य के रूप में कार्यरत हैं, व्यक्तिगत रूप से भी सामाजिक कार्य करते रहते हैं।

अपनी जन्मभूमि 'तारानगर' के संदर्भ में कहते हैं कि मेरा संपूर्ण बाल्यकाल 'तारानगर' में ही संपन्न हुआ। 'तारानगर' हर दृष्टि से समृद्ध व संपन्न है। मैं तारानगर के महत्वपूर्ण क्षेत्र 'बांय' का निवासी हूं, यह एक धार्मिक स्थल के रूप में भी जाना जाता है। तारानगर चूरू जिले का एक महत्वपूर्ण सुंदर व शांतिपूर्ण कस्बा है, गांव तो गांव होता है वहां जाकर मन प्रसन्नचित्त हो जाता है, वहां के खुशनुमा वातावरण व लोगों से मिलकर मन प्रफुल्लित और आनंदित होता है। आज राजस्थान के निवासी देश ही नहीं विदेशों में भी प्रवासित हैं और अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं।

आज के युवा वर्ग को मैं यही संदेश देना चाहूंगा कि वह अपने परिवार व बड़े बुजुर्गों के बताए नक्शे कदम पर चल कर अपने धर्म और समाज के प्रति समर्पित रहे, इसी तरह हमारा समाज आगे बढ़ता रहेगा।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए, विषय पर आपका कहना है कि हम भारतवंशी है, हम भारत के निवासी हैं अतः हमारे देश का नाम सिर्फ 'भारत' होना चाहिए, यही हमारी विशेष पहचान है और यही कायम रखनी चाहिए।

ऍड. राजकुमार पुरोहित
अधिवक्ता
नापासर निवासी
भ्रमणध्वनि: ९९२८८१२३४१

राजकुमार जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि 'नापासर' को छोटी काशी कहा जा सकता है। यह संतों व भामाशाहों की नगरी कही जाती है। संतों में श्री सेवाराम जी महाराज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और उनके नाम से आज यहां एक बहुत बड़ी गौशाला भी चलाई जा रही है, साथ ही यहां कृष्णानंद जी, महेशानंद जी आदि संतों का भी अमूल्य योगदान रहा है। प्राचीन काल से यहां संस्कृत पाठशाला चलाई जा रही है। यहां से शिक्षित व विद्यार्थी देश के विभिन्न क्षेत्रों में कर्मकांड पंडितों के रुप विशेष रुप से विख्यात हैं जिनमें मोहन व्यास, किशन लाल जी आदि का नाम विशेष रूप से लिया जा सकता है। राजनीति दृष्टि से भी 'नापासर' अग्रणी रहा है, इनमें बजरंग लाल आसोपा, भंवरलाल गहलोत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वर्गीय मानिकचंद सुराणा जी का भी नापासर के विकास में विशेष योगदान रहा है, उन्होंने 'नापासर' को नगरपालिका के रूप में परिवर्तित करने के लिए कई प्रयास किए पर राजनीतिक कारणों से संभव नहीं हो पाया। वर्तमान में यहां की सरपंच सरला देवी जी हैं। आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो मानिकचंद सुराणा जी द्वारा ही रीको इंडस्ट्रियल एरिया विकसित की गई, जहां कई उद्योग धंधे व्यवस्थित हैं, पूर्व में यहां कई दाल मिले थी, जो अब बंद हो गई हैं, यह गांव संपन्न गांव के रूप में जाना जाता है। यहां के माहेश्वरी समाज के लोग सेठ साहूकार के नाम से विख्यात हैं, उन्हीं के द्वारा गेस्ट हाउस, स्कूल, मंदिर, अस्पताल आदि का निर्माण किया गया है। स्व. माणकचन्द जी सुराणा द्वारा वित्त मंत्री रहते हुए नापासर में रिको औद्यागिक क्षेत्र की स्थापना की जो आज निरन्तर रूप से चल रहा है एवं नापासर को दो बार नगरपालिका बनाया गया जो दोनो बार ही राजनीति की भेंट चढ़ गई।

पूर्व विधायक विरेन्द्र बेनीवाल जो राज्यसरकार में गृहराज्य मंत्री एवं परिवहन मंत्री रहे, इन्होंने नापासर को कृषि उपज मण्डी के रूप में नई सौगात दी जो अभी प्रारंभ होने वाली है एवं नापासर को नहरी पानी से जोड़ कर आने वाले समय में पीने के पानी की समस्या से निजात दिलायेगी तथा ये 'नापासर' के विकास हेतू हमेशा ही तत्पर रहते हैं। इनका सपना है कि नापासर में लड़कियों हेतू कॉलेज खुलवाना, नापासर को ३४ तहसील एवं पंचायत समिति मूख्यालय बनाना, शायद इसी कार्यकाल में ये सब करवा देगें। हमारा 'नापासर' विशेषताओं से भरा हुआ है।

राजकुमार जी का परिवार 'नापासर' से कुछ ही दूरी पर स्थित कल्याणसर गांव का निवासी है, जहां से आप के दादाजी रोजगार व पानी की सुविधा होने से 'नापासर' आकर बसे। आपका जन्म १९७७ में व प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में ही हुई, तत्पश्चात आपने बीकानेर के डूंगर कॉलेज से स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की। बीकानेर के रामपुरिया कॉलेज से एलएलबी व B.J.S की उपाधि प्राप्त की। तत्पश्चात बीकानेर गवर्नमेंट लॉ कॉलेज से एल.एल.बी. व एल.एल.एम किया। वर्तमान में तांतिया यूनिवर्सिटी गंगानगर से आप पीएचडी कर रहे हैं, साथ ही आप टैक्सेशन और सिविल में प्रैक्टिस भी करते हैं। आप सामाजिक संस्था में भी विशेष भूमिका निभाते हैं। आवारा पशुओं को संरक्षित करने के लिए नागौर में गौशाला बनाई है, जिसके तहत कामधेनु संस्था चलाई जा रही है जिसके आप जिला उपाध्यक्ष हैं, साथ ही आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े हुए हैं, साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं में भी सेवारत हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर आपका कहना है कि हम भारतवंशी हैं और एक हिंदू राष्ट्र की कल्पना के तहत 'भारत' नाम का मैं समर्थन करता हूं, चाहता हूं कि हमारे देश को 'भारत' ही बोला जाना चाहिए, इसके लिए सोशल मीडिया व अन्य आधुनिक यंत्रों के माध्यम से देश भर में इसका प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

बनवारीलाल झंवर
व्यवसायी व समाजसेवी
नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८३००७०५२४

बनवारी लालजी को जब उनकी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में बात की गई तो अपने बचपन के समय का उल्लेख करते हुए बनवारी जी ने बताया कि मेरा पूरा बचपन 'नापासर' में ही बीता, उस समय वहां का वातावरण शांत व हवा पानी शुद्ध था। आज भी जब गांव जाने की तैयारी होती है, तो मन विचलित हो उठता है कि हम कब 'नापासर' पहुंचें। पहले वहां कुंए खुले होते थे, पर अब लोग ट्यूबवेल के माध्यम से खेती करते हैं, जिससे यहां अब चारों तरफ हरियाली हुयी है। यहां की सड़कों पर १० किलोमीटर तक भामाशाहों द्वारा वृक्ष लगाया गया है। यहां का हनुमान धोरा व हनुमान मंदिर प्रसिद्ध है, साथ ही दुर्गा माता जी और काली माता जी का मंदिर आस्था का केंद्र है, कई सामाजिक संस्थाओं का निर्माण किया गया है। यहां शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी विशेष प्रगति हुई है, आज यहां के निवासी देश के विभिन्न भागों में बसे हुए हैं और अपने कार्य और सामाजिक सेवाओं में योगदान से अपना व नापासर का नाम रोशन कर रहे हैं। यहां के कई भामाशाह परिवार समाज सेवी व लोक सेवी है, जिनकी गाथा आज भी लोगों की जुबान पर है।

बनवारी जी का जन्म १९६० में 'नापासर' में ही संपन्न हुआ। आपकी इंटर तक की शिक्षा यहीं संपन्न हुई, तत्पश्चात बी.कॉम. आपने कोलकाता यूनिवर्सिटी से ग्रहण की व सुरेंद्रनाथ लॉ-कॉलेज से लॉ की पढ़ाई की, पर कुछ कारणवश यह पढ़ाई अधूरी छोड़नी पड़ी। तत्पश्चात अपने पारिवारिक व्यवसाय 'चंपालाल सोहनलाल' फॉर्म, कपड़ों के व्यवसाय से जुड़े हुए है। आपको एक पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। सभी उच्च शिक्षित व अपने-अपने क्षेत्र में अग्रणी है। आप कोलकाता स्थित कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है। भारत को 'भारत' ही बोला जाए संदर्भ में आपका कहना है कि विश्व का कोई देश ऐसा नहीं है जो २ नामों से जाना जाता है, मात्र भारत ही है जो २ नामों से पहचाना जाता है। हमारा प्राचीन नाम 'भारत' ही था, इंडिया तो अंग्रेजों ने दिया है जो गुलामी का प्रतीक है अतः इंडिया छोड़ हमें 'भारत' शब्द को ही अपनाना चाहिए। **मे.रा.**

प्रतिभा की धनी श्रीमती रामादेवी झंवर

नापासर के नीमडी वाला परिवार की वधु श्रीमती रमा देवी जी को प्रारंभ से ही गीतों को लिखने व गाने का शौक रहा है इसी शौक के कारण आपने कई गीतों की रचना भी की है, जिसमें शादी विवाह और विशेष करके गणगौर के गीत प्रमुख रूप से हैं आपके इन्हीं गीतों की प्रथम पुस्तिका 'गीत मालिका' के रूप में प्रकाशित की गई, जिनमें आपके द्वारा विवाह गीतों की रचना को संग्रह किया गया है। दूसरी पुस्तिका 'भक्ति प्रभा' जिसमें स्वरचित भजन का संग्रह है। गणगौर उत्सव के समय हर वर्ष में गीत रचती हैं इसके लिए 'गणगौर के गीत' नामक पुस्तक का भी प्रस्तुतीकरण किया गया है। आपको भोजन व नए-नए पकवान बनाने का भी शौक है अतः 'मीठी मनवार' नामक पुस्तक



भोजन से संबंधित है। आपके द्वारा इन पुस्तकों को कोलकाता मुंबई आदि शहरों में बड़े ही मनोभाव से पढ़ा जाता है। आपकी यह पुस्तकें नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा
भारत को भारत ही बोला जाए
भामाशाओं की भूमि 'नापासर' के इतिहास प्रकाशन पर 'मेरा राजस्थान' परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ

RAINTUFF
TARPAULIN

Maheshwari Industries
Praveen Baheti
भ्रमणध्वनि: 8905542322 / 9724323115
No. 21, jasoda Park Society, Bhadwat Nagar,
Ishanpur Canal, Maninagar,
Ahmedabad, Gujarat, Bharat - 380008
भारतीय भाषा को अपनाओ अभियान 'हिंदी' को दिलाओ राष्ट्रभाषा का सम्मान
नीम लगायें पर्यावरण बचाये

हर भारतीयों से है आव्हान
भारत को भारत ही बोला जाए

गौवंश बचाओं देश बचाओं

भारत नाम आजादी का है
India नाम गुलामी का है
हम गुलाम नहीं आजाद हैं
बिजय जी! आप आगे बढ़ें हम आपके साथ हैं

Prem Agarwal
Mob. : 9374986272
Sanjay Agarwal
Mob. : 9327411116

SUPER TRANSPORT OF INDIA (VAPI)
FLEET OWNERS & TRANSPORT CONTRACTORS
Near Sunita Textile, Plot No. 65, Room No. 25, 1st Phase,
G.I.D.C, Police Station Road, Vapi, Valsad, Gujarat, Bharat - 396 195
e-mail : prem_supertransport@yahoo.com
Ph. : 0260 - 2428939

भारतीय भाषा को अपनाओ अभियान 'हिंदी' को दिलाओ राष्ट्रभाषा का सम्मान
नीम लगायें पर्यावरण बचाये

पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा

विश्व में भारत को कब 'भारत' ही कहा जाएगा ?
बिजय जी! आप आगे बढें आपके अरमान पूरे होगें
भारत को 'भारत' ही बोला जाएगा

Rajendra Khater
Mob:9845023851
Ashok Plastics
(Manufacturers of Household Items)
157/35, 3RD Main Road, Industrial Town Rajajinagar,
Bengaluru, Karnataka-560010
Ph: 080-23350804, email: rajendrakhater13@gmail.com
Res: Meghdoot Apartment, 3rd Floor, No.7, Lakshmi Road
Shantinagar, Bengaluru, Karnataka-560027
Ph: 080 22239413, 41245663

भारतीय भाषा को अपनाओ अभियान 'हिंदी' को दिलाओ राष्ट्रभाषा का सम्मान
नीम लगायें पर्यावरण बचाये

भामाशाओं की भूमि 'नापासर' के इतिहास प्रकाशन पर 'मेरा राजस्थान' परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं

Amit Bang CA.C.S
Mob: 98311 74515
Brahma Nand Bang
Mob: 98300 78160
Ajit Bang
Textile Commission Agent
Mob: 88708 78269
Bang Trading Company
12, Noormal Lohia Lane, Ground Floor, Kolkatta, West Bengal, Bharat - 700007

श्रीमती सी.एम. मूंधड़ा मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी

प्रमुख ट्रस्टीगण: कन्हैयालाल मूंधड़ा, देवकिशन मूंधड़ा, श्री किशन मूंधड़ा, द्वारका प्रसाद मूंधड़ा, संतोष कुमार मूंधड़ा

नापासर में निम्न कार्य करवाये गए:

१) श्रीमती गीता देवी बागड़ी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन का निर्माण पांच करोड़ की लागत से करवाया गया और विद्यालय की रख रखाव के लिए ३ साल तक गोद लिया गया।

२) नापासर के राजकीय अस्पताल में डेन्टल मशीन लगवाई।

३) नापासर एवं आसपास के गांवों के गरीब परिवार, जिनके घर में कोई कमाई का साधन ना हो, ऐसे १५० परिवारों को प्रतिमाह परिवार सन्चालन के लिए २५०० से ५००० रूपये तक मसिक पेंशन उनके बैंक खाते में जमा करवाई जाती है।

४) नापासर व आसपास के गाँव में स्वच्छता को ध्यान में रखकर तकरीबन ४३१ शौचालयों का निर्माण करवाया गया।

५) नापासर के सम्पूर्ण क्षेत्रों मे लगभग २८ माह तक साफ-सफाई करवाई गई।

६) नापासर मे साफ-सफाई के लिए ग्राम पंचायत को ट्रैक्टर ट्रोली दी गई।

७) नापासर और आसपास के गांवों में जरूरतमन्द परिवार को पक्के मकान बनवा कर दिए।

८) संत श्री सेवाराम गौशाला में गौवंश हेतु टिनशेड व चारा भंडारण गृह का निर्माण किया गया।

कन्हैयालाल मूंधड़ा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य

९) राधाकृष्ण गौशाला में गौवंश हेतु टिनशेड का निर्माण किया गया।

१०) नापासर वॉटर वर्कस के कई वर्षों से बंद पड़े कुंओं को ठीक करवा कर पुन: सुचारू रूप से चलवाये गए व भविष्य में रखरखाव का जिम्मा ट्रस्ट ने लिया।

११) नापासर गौचर भूमि में २००० वृक्ष लगवाए एवं सिंचाई के लिए कुंए का निर्माण किया।

१२) कोविड काल में नापासर के कुछ परिवारों को १००० रूपए का निशुल्क राशन दिया गया।

१३) राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय नापासर में करीब ५० लाख की लागत से ५ कमरे, ऑफिस ब्लॉग एवं फर्नीचर हेतु आर्थिक सहयोग दिया गया।

१४) शिक्षा विभाग बीकानेर में विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग भवन का निर्माण करवाया।

१५) उच्च शिक्षा हेतु जरूरतमंद बच्चों को आर्थिक सहयोग दिया जाता है।

१६) कोविड काल में जिला प्रशासन को १० लाख रुपए की सहायता राशि दी गई।

१७) नापासर के आसपास के गांवों के १३०० परिवारों को सुखा राशन प्रदान किया जाता है।

१८) नापासर के ५ घरों मे सोलर लाइट लगवाई गई है। यह सभी कार्य श्रीमान दमजी झंवर 'नापासर' के नेतृत्व और सहयोग से सम्पन्न हुआ है।

बालिका शिक्षा के लिए विद्यालय का निर्माण मूंधड़ा परिवार का सराहनीय कार्य

-नमित मेहता, जिला कलेक्टर, बीकानेर

नापासर: पहली बार देख रहा हूँ कि इस तरह का विशाल भव्य भवन बनाकर सरकार को सौंपना, वह भी बालिका शिक्षा के लिए, अविस्मरणीय है यह उद्गार थे जिला कलक्टर नमित मेहता के, जो भामाशाहों की नगरी 'नापासर' में सी.एम. मूंधड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग के आयोजित किये गए प्रतिभावान छात्राओं के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि द्वारा व्यक्त किए गए। जिला कलेक्टर मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि ट्रस्ट ने अपना काम किया है साथ ही बालिका शिक्षा को और बढ़ाने के लिए प्रतिभावन् छात्राओं का सम्मान करना और भी प्रेरणादायक है क्योंकि इससे अन्य छात्राओं को प्रोत्साहन मिलेगा। श्री मेहता ने वहां उपस्थित छात्राओं को आह्वान किया कि अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कीजिये और जब तक वह प्राप्त नहीं होता तब तक निरंतर प्रयासरत रहें। जिला कलक्टर ने सी.एम. मूंधड़ा ट्रस्ट का आभार जताते हुए कहा कि इन्होंने केवल भवन बनाकर ही नहीं दिया बल्कि इसके रख-रखाव का जिम्मा भी खुद देख रहे हैं यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उपस्थित महानुभावों के बीच बाबूलाल मूंधड़ा, प्रयागदास मूंधड़ा, श्याम सुंदर मूंधड़ा ने जिला कलक्टर नमित मेहता का शाल ओढ़ाकर अतिथि सत्कार किया, वहीं तहसीलदार का शाला प्रधानाचार्य मंजू देवी वर्मा ने शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

-संतोष आसोपा

With Best Compliments From
Mob. : 9433128224 / 9830123640
Ph. : 033 - 22723426
GoldStar® SEIKO
K.R. HOSIERY
Mfg. of Quality Hosiery Goods
203/1, Mahatma Gandhi Road, 5th Floor, Kolkata, West Bengal, Bharat - 700 007

राजस्थानी सेवा संघ ने मनाया राष्ट्रीय पर्व

मुंबई: राजस्थानी सेवा संघ अंधेरी द्वारा संचालित श्रीनिवास बगड़का कॉलेज के प्रांगण में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। संघ के अध्यक्ष डॉ विनोद टिबरेवाला ने सभी उपस्थित मेहमानों का स्वागत करते हुए गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। संस्था द्वारा आगामी सत्र में कॉलेज के लिए किए जाने वाले भवन निर्माण के बारे में जानकारी दी।

संस्था द्वारा संचालित श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी द्वारा मिलिट्री स्कूल के शुरुआत करने के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि हमारी यूनिवर्सिटी का लक्ष्य मेडिकल एजुकेशन शुरू करने का है एवं उसके उसके लिए किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की जानकारी दी।

जेजेटी यूनिवर्सिटी के उच्च शिक्षा एवं पीएचडी विभाग के विस्तार के लिए, अभी हाल ही में देश भर से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ फैकल्टी के रूप में नियुक्ति की गई है, ताकि भविष्य में हायर एजुकेशन में हमारी यूनिवर्सिटी का विशेष स्थान हो, श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी, पीएचडी डिग्री के अध्ययन के लिए देश की प्रीमियम संस्थानों में से एक मानी जाती है।

कार्यक्रम में बाबूलाल अग्रवाल, डॉ एम जी श्रीहट्टी, डॉ. अंजू सिंह, डॉ. स्वाति देसाई, दीनदयाल मुरारका, डॉ.अश्विन मेहता, रामअवतार अग्रवाल, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. शशि मरोलिया, डॉ. दीनानाथ केडिया, अनिल अग्रवाल, मोहन बागड़ी, डॉ नायकवाड़ी एवं कई महानुभाव विशेष रुप से उपस्थित थे।

- दीनदयाल मुरारका

पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा
विश्व में भारत को कब 'भारत' ही कहा जाएगा ?
बिजय जी! आप आगे बढें आपके अरमान पूरे होगें
भारत को 'भारत' ही बोला जाएगा
Kashinath Gadia
Bilasrai Kashinath
Cloth Merchants
Jai Hind Bldg No.1, 2nd Floor, Block 4,
Bhuleshwar, Mumbai, Maharashtra, Bharat - 400 002
Tel.: 022-2205 3862 / 3201 2546
B-229, Kewal Industrial Estate, 2nd Floor,
Senapati Bapat Marg,
Lower Parel West, Mumbai, Maharashtra, Bharat - 400 013
Tel.: 022-24924210 / 20 / 30
भारतीय भाषा अपनाओ अभियान भारत की बनें राष्ट्रभाषा ये है हमारा आव्हान

पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा
नूतन वर्ष में सब घुल-मिल जाए
हर जीवन में खुशियाँ लाए
नववर्ष के शुभागमन पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
२०२१
BIRENDRA KUMAR JHANWAR
Mob. : 98200 37803
605/606, Raheja Classic Building No.3,
New Link Road, Mumbai,
Maharashtra, Bharat - 400053
Ph. : 022 - 2631 0023/ 2631 4698
भारतीय भाषा अपनाओ अभियान भारत की बनें राष्ट्रभाषा ये है हमारा आव्हान
नीम लगायें पर्यावरण बचायें

नापासर में हनुमान धोरा

हनुमान धोरा 'नापासर' के प्राचीन मंदिरों में से एक है। यहां भारी संख्या में भक्त लोग दर्शन के लिए आते है। मंदिर का निर्माण गांव के कही भामाशाहों ने करवाया है। मंदिर में पूजा आरती गांव के पंडित श्री गुलाब जी व्यास करते हैं। आज भी विधिवत बाबा को चूर्मे का प्रसाद चढ़ाया जाता है एवम दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को दिया जाता है। यहां पर भारी संख्या में पक्षी आते हैं जिनके लिए चुग्गे की भी व्यस्था गांव के लोगों द्वारा ही की जाती है।

कबूतर निवास हनुमान धोरा में बनाया हुआ है। जहां भारी संख्या में कबूतर निवास करते है कि जिसको सोहनलाल जी झंवर परिवार द्वारा बनाया गया है। क्योंकि समता, दया एवं करूणा के आधार पर वसुधैव कुटुम्बकम का सिद्धान्त हिन्दु धर्म की आधारशिला है।

इसी वाक्य को अपना ध्येय मानकर केवल मानव की ही नहीं मूक पशु-पक्षियों के प्रति भी अपना कर्तव्य निभा रहे समाजसेवी व भामाशाह सोहनलाल झंवर ने यहां हनुमान धोरा परिसर में ७०० कबूतरों के रहने के लिए जमीन से करीबन चालीस फीट ऊंचाई का पिजन हाउस बनाकर पक्षियों की प्रति दया व सहानुभूति का परिचय दिया है। ग्यारह मंजिल वाले इस पिजन हाऊस में पक्षी आराम से रह सकते है, इसके नीचे चुग्गा-दाना डालने के लिए चौकी बनाई गई है। झंवर जी ने 'मेरा राजस्थान' को बताया कि आधुनिकता के युग में कई पक्षियों रहने, खाने का ठिकाना नहीं होने से इनकी प्रजातियां लुप्त हो रही हैं। मनुष्य की तरह पशु-पक्षियों में भी जान होती है,उनकी रक्षा करना, दया करना मनुष्य का धर्म है। हनुमान मंदिर आने वाले श्रद्धालु इस पिजन हाऊस को देखकर जीवदया के इस नेक कार्य के लिए झंवर की प्रशंसा करते हैं।

- अंकित झंवर
नापासर

नापासर की शान माहेश्वरी भवन

नापासर: माहेश्वरी भवन का निर्माण कार्य २००९ में शुरू हुआ था, इसका लोकार्पण २०११ में हुआ था। इसमें २ भाग बनाए गए है। दोनो भाग में बहुत ही सुन्दर बगीचा लगाया गया है।

भवन के निर्माण में कस्बे के समस्त माहेश्वरी समाज के नागरिकों ने तन-मन और धन से सहयोग दिया, इसको बनाने में लगभग २ साल लगे।

इस भवन में गेस्ट हाउस की भी सुविधा है जो बाहर से आने वाले लोगों के ठहरने के लिए बनाया गया है।

यह भवन नापासर कस्बे के देशनोक रोड पर स्थित है।

भवन में कई प्रकार के चिकित्सा शिविर लगते हैं। दो भागों के बनने के बाद यहां शादी समारोह में बुकिंग ज्यादा होने लगी, जिस कारण तीसरे भाग की भी जरूरत पड़ी तब नापासर के सेठ परिवार श्री मदन गोपाल जी एवं भूरी देवी जी के परिवार के सदस्यों से बात कर भवन के पास उन्हीं की भूमि पर भाग नंबर ३ बनाया गया जिसका लोकार्पण २०१७ में हुआ।

'भारत' नामकरण के मूलभूत आधार

ज्ञान-विज्ञान की विविध विधाओं में प्राचीनकाल से अग्रणी रहने वाले हमारे राष्ट्र भारत का नाम 'भारत' रखा गया तो क्यों?

क्या अकारण, अनायास या आधारहीन है यह नामकरण?

विचारणीय यह है कि जिस धरती पर जातक को उसकी भावी कायिक, मानसिक क्षमताओं का लाग्निक आकलन करके नामकूत किए जाने की परम्परा हो, जिस समाज में नामकरण-उत्सव एक पावन सांस्कृतिक पर्व के रूप में मनाए जाने की प्रथा हो, जिस समाज में व्युत्पत्ति शास्त्र सदृश तर्कसंगत शास्त्र विद्यमान हो, उस समाज में देश का नाम 'भारत' अनायास या आधारहीन, अतार्किक या सर्वथा असंगत स्वरूप में मान्य किया गया होगा, यह कदापि स्वीकार्य नहीं, अतएव देखना होगा कि क्यों और कैसे नामकूत हुआ हमारा राष्ट्र/देश 'भारत'?

तत्क्रम में भारत, जिसे बिना गहराई में उतरे कुछेक लोग 'इण्डिया', 'हिन्दोस्तान' भी कह बैठते हैं के नामकरण-आधार की तलाश में हमें भारत के राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय वैशिष्ट्य और तद्गत ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्यों को सुसंगत एवं तर्कसंगत स्वरूप में तलाशना होगा। एतदर्थ कुछेक दहाई, कुछेक सैकड़ा नहीं, अपितु 'भारत के उद्भव-काल' तक का इतिहास खँगालना होगा, तभी हमें यथार्थपरक सत्य हस्तामलक हो सकता है। यथा उन दिनों जब हर तरफ अँधेरा ही अँधेरा था, जब प्राकृतिक पारिवेशिक प्रतिकूलताओं के फलस्वरूप पृथ्वी के धरातल पर सूर्य का प्रकाश अलभ्य था, उन्हीं दिनों मानव प्रकाश के लिए प्राकृतिक स्रोत 'अग्नि' पर ही निर्भर रहा होगा। हमारे आस-पास के प्राकृतिक तत्त्वों में प्रकाश-प्रदाता दो स्रोत हैं- अग्नि व सूर्य। इन्हीं दो प्राकृतिक प्रकाश-स्रोतों की सहायता से मानव

अपने आसपास के पर्यावरण का ज्ञान प्राप्त कर सकता था। अतएव सूर्य-प्रकाश के अभाव में अग्नि का प्रथम अभिनन्दन, प्रथम वन्दन अति स्वाभाविक था। ऋक में अग्नि की भरपूर वन्दना है। ऋक का आरम्भ ही अग्नि की वन्दना से है (ऋग्वेद : प्रथम मण्डल, प्रथम अध्याय, प्रथम ऋचा)

ज्ञात हो कि आभारत प्रत्युत आविश्व सर्वमान्य प्राचीनतम ग्रन्थ है ऋग्वेद। ऋग्वेद (४/२५/४) से भारत-नामकरण का आधार अग्नि से सहयुजित होने का प्रमाण मिलता है- 'तस्मा अग्निर्भारतः ...।' तथ्यतः आर्य याज्ञिक थे। यज्ञ में अग्नि की महत्ता अकथनीय है। इस आधार पर कुछ लोग मानते हैं कि यज्ञाग्नि के प्रस्तारकों का देश होने के कारण इस देश को 'भारत' कहा गया। मात्र अग्नि से 'भारत' को जोड़ने से पूर्व देखना होगा कि अग्नि सदैव सात्विक नहीं होती। अनियन्त्रित होने पर 'अग्नि' विध्वंसक/सर्वविनाशक हो जाती है, इसीलिए सत्त्वशील, भारत-ऋतशील भारतीय मनीषा ने ऋक के प्रथम मण्डल के प्रथम अध्याय के प्रथम मंत्र से अग्नि की स्तुति आरम्भ करने और अनेक ऋचाएँ अग्नि को समर्पित करने के बावजूद यजुर्वेद में अग्नि को 'नय सुपथा' से सुयोजित होने की प्रार्थना भी की है। अग्नि को (मांसभक्षक अग्नि को) दूर हटाने की कामना वाली ऋचा (१०,/१६,/९) भी है ऋक के दसवें मण्डल में। तथ्यतः अग्नि को सर्वदा सात्विक तभी बनाए रखा जा सकता है जब अग्नि को अपरिमित बढ़ने से रोकने के सदुद्देश्य से सीमित दायरे में (यथा यज्ञकुण्ड आदि तक) सीमित-नियंत्रित रखा जा सके। अतएव सूर्य का प्रकाश लभ्य होने के पश्चात आर्यजन के मन में सात्विक, ऊर्जस्विल, उज्ज्वल प्रकाश के अबाध प्रदाता सूर्य के प्रति आकर्षण बढ़ने के कारण कालान्तर में अग्नि के प्रकाश का महत्त्व अपेक्षाकृत कम हो गया, इसलिए कि सूर्य के प्रकाश में 'वस्तु-सत्य का ज्ञान' सहज होता है। प्रकटतः सत्त्वशीलता बढ़ने पर सत्त्वशील भारतीयों को अग्नि की उदण्ड दाहकता कालान्तर में रास नहीं आई, जो कि यह अस्वाभाविक नहीं है।

अतएव भारतवर्ष के नामकरण में अग्नि को स्थान नहीं दिया गया; अपितु अग्नि का तेज और तज्जनित सात्विक ऊर्जस्विल प्रकाश सूर्य में पूर्णतया समेकित पाकर ऐसे प्रकाश को सूर्य द्वारा प्रदान करने के आधार पर भारत देश के नामकरण (भा + रत) में सूर्य को न केवल सम्मिलित किया गया, वरन सम्पूर्ण भारत प्रधानतया सूर्योपासक हो गया।

तथ्यतया ऋक में सूर्य की पूजा और सूर्य की ढेरमढेर प्रशस्तियाँ विद्यमान हैं। सूर्य को प्रकाशदाता और ज्ञानप्रदाता भी बताया गया है। हमारे सौरमण्डल के बारे में ऋक-ऋषियों को सम्यक ज्ञान था या नहीं, यह प्रश्न शोध का विषय हो सकता है, तदापि सूर्य से भरपूर प्रभावित थे, इसीलिए यहाँ के प्रथम प्रभावशाली राजकुल को सूर्यकुलीन (सूर्यवंशी) ही कहा गया। कालान्तर में सूर्यपूजक के रूप में ख्यात हुए ऋक्युगीन आर्यजन, इस निष्कर्ष में कोई सन्देह नहीं है। सूर्य के प्रकाश से जैविक शक्ति भी प्राप्त होती है और सूर्य का प्रकाश ज्ञान-प्राप्ति में भी सहायक है। ऐसे में सूर्यपूजकों के देश को 'भा (प्रकाश) + रत' अर्थात 'प्रकाश-निरत' कहा जाना स्वाभाविक है। सूर्य की किरणें नम-जल-थल सबमें परिव्याप्त होती है-

'आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः'

इसी कारण सूर्य को 'सूर्यनारायण' कहते हैं। ख्यात साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के आलेख 'वैष्णवता और भारतवर्ष' के अनुसार सूर्य में चतुर्भुज देव की कल्पना की गई है।

सूर्य का नाम वेद में विष्णु है। सूर्य के 'तद्विष्णोः परमं पदं' रूप आधिभौतिक, आधिदैविक ऐश्वर्य के प्रशंसक थे वैदिक आर्य, जिनकी परिकल्पना बाद में विष्णु-मूर्ति के वर्णन में व्याख्यात हुई और बाद में सम्पूर्ण 'भारत' वैष्णव हो गया। प्रत्युत विश्व भर में सूर्यपूजा भारत से ही निर्यातित हुई, इस तथ्य की पुष्टि जोराष्ट्रियन, हित्ती, मित्ती एवं मिस्नी सभ्यताओं के राजनैतिक, सांस्कृतिक इतिहास में मिलती है। विचारकों का मानें तो 'भारत' की वैष्णवता के पीछे भी आर्यों की सूर्योपासना ही विद्यमान दिखती है, यद्यपि भारत भर में पूर्व-पश्चिम-उत्तर-दक्षिण में किसी न किसी रूप में सूर्य की पूजा की जाती है और उसे बहुत अधिक महत्त्व दिया जाता है। तथैव, सूर्य के गुण 'प्रकाश-प्रदान' को प्रत्यक्ष रूप में 'भारत' देश के नामकरण में स्थान मिलना आश्चर्य का विषय नहीं माना जा सकता।

वहीं, आर्यजन ज्ञान-खोजी अर्थात् ज्ञान की खोज में सतत निरत रहने वाले मानव थे। 'भा' का एक अर्थ 'ज्ञान को आगे लाने (प्रत्यक्ष करने)' से भी अर्थायित होता है, तथैव सतत ज्ञान-निरत रहवासियों के देश का नाम 'भा' (ज्ञान)+ रत' अर्थात् भारत नामकृत किया जाना भी स्वाभाविक है।

'नापासर' व्यवसाय केंद्र के रूप में भी जाना जाता है

बाबूलाल जी अपनी जन्मभूमि 'नापासर' के संदर्भ में कहते हैं कि 'नापासर' गांव एक ऐतिहासिक गांव है, इसका इतिहास लगभग ५०० साल पुराना है। सामाजिक धार्मिक और आर्थिक स्तर पर बहुत ही समृद्ध है। यहां माहेश्वरी समाज की संख्या अधिक है, माहेश्वरी समाज के लोग आज मुंबई, कोलकाता, सूरत, अहमदाबाद, कानपुर आदि स्थानों में बसे हुए हैं और अपने कार्यों के माध्यम से 'नापासर' का नाम रोशन कर रहे हैं। कोरोना काल के दौरान यहां के बंद घर भी खुल गए थे। 'नापासर' व्यवसाय केंद्र के रूप में भी जाना जाता है। यहां की शॉल पूरे भारत में प्रसिद्ध है, साथ ही यहाँ टाइल्स की फैक्ट्री है। पापड़-भुजिया आदि बनाने वाली इंडस्ट्रीज भी है, जिससे यहां के लोग आर्थिक दृष्टि से संपन्न कहे जाते हैं। यहां के लोग काफी धार्मिक प्रवृत्ति के हैं।

बाबूलाल मूंधड़ा
व्यवसायी व समाजसेवी
नापासर निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८३००३७७९७

यहां कई महान संतों का आगमन हुआ है जिससे यह संतों की भूमि भी कही जाती है, कई विशेषताओं को लिए हुए है हमारा 'नापासर'।

बाबूलाल जी का जन्म व प्रारंभिक शिक्षा 'नापासर' में ही संपन्न हुई, तत्पश्चात उच्च शिक्षा आपने कोलकाता से ग्रहण की। पिछले ४० वर्षों से कोलकाता में निवास कर रहे हैं। यहां आप रेनकोट, वूलन व अन्य कारोबार से जुड़े हुए हैं। 'नापासर' गौशाला से भी जुड़े हुए हैं। कोलकाता स्थित नापासर नागरिक मंच में पूर्व अध्यक्ष के रूप में सेवारत रहे हैं। वर्तमान में सदस्य के रूप में जुड़े हुए हैं, साथ ही अन्य कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए विषय पर अपना समर्थन प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि हम भारतीय हैं अतः हमारे देश का नाम सिर्फ और सिर्फ 'भारत' ही होना चाहिए।

कलबुर्गी गुलबर्गा किला Fort में पुरातन विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस मनाया गया

कलबुर्गी गुलबर्गा किला Fort में पुरातन विभाग द्वारा ७२वां गणतंत्र दिवस मनाया गया, इस अवसर पर पुरातन विभाग के नंदकुमार तांडलकर, संजिव कुमार, संगप्पा अक्की, विकास सिन्हा, अरविंद और रिजवान उर- रहमान सिद्दिकी, दिपक बलदवा, मोहम्मद राफिक इत्यादी उपस्थित थे। राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सबने एक दुसरे को शुभकामनायें दी।

हिन्दू सेवा परिषद के ध्वजारोहण कार्यक्रम में सांताक्रूज़ के संसद सदस्य श्री विनायक राउतजी के साथ सुमन अग्रवाल

भारत को 'भारत' ही बोला जाए

हैल्थ वर्कर्स का जल्द टीकाकरण जरूरी: अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री राजस्थान

जयपुर: २२ जनवरी २०२१। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्यकर्मी उत्साह के साथ स्वयं आगे आकर कोरोना की वैक्सीन लगवा रहे हैं। टीकाकरण के राष्ट्रीय औसत के मुकाबले राजस्थान आगे है और अब तक वैक्सीनेशन पूरी तरह सुरक्षित रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किए गए विस्तृत मूल्यांकन में राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जो टीकाकरण के सभी मानकों पर बेहतर प्रदर्शन के कारण ग्रीन कैटेगरी में है। निर्देश दिए गए हैं कि भारत सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक प्रदेश में वैक्सीनेशन साइट्स की संख्या बढ़ाकर प्रथम चरण का टीकाकरण जल्द से जल्द पूरा किया जाए। श्री गहलोत ने २१ जनवरी को मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से टीकाकरण अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने वैक्सीनेशन साइट्स की संख्या १६७ से बढ़ाकर ३५० करने और आवश्यकता के अनुरूप इनकी संख्या और बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैल्थ वर्कर्स के जल्द टीकाकरण के लिए सप्ताह में टीकाकरण दिवस की संख्या बढ़ाएं, साथ ही निजी अस्पतालों में भी साइट्स की संख्या बढ़ाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों की राय के अनुसार कोरोना का खतरा पूरी तरह टला नहीं है। इसलिए हमारे हैल्थ वर्कर्स का शत-प्रतिशत टीकाकरण जल्द से जल्द होना जरूरी है ताकि भविष्य में कोरोना की नयी लहर आए तो वे पूरी सुरक्षा एवं आत्मविश्वास के साथ प्रदेशवासियों के जीवन की रक्षा कर सकें, साथ ही हम अगले चरण के टीकाकरण के लिए भी तैयार हो सकें। अभियान को गति देने के लिए व व्यवस्थाओं का विकेन्द्रीकरण के लिए श्री गहलोत ने कहा कि देश में करीब ३० करोड़ लोगों को वैक्सीनेट किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे में केन्द्र सरकार को इस अभियान को गति देने के लिए इसकी व्यवस्थाओं तथा प्रबंधन का अधिक विकेन्द्रीकरण करना चाहिए ताकि राज्य अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप टीकाकरण के लक्ष्य को जल्द हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि कोविन सॉफ्टवेयर में तकनीकी बाधाओं के कारण टीकाकरण के लक्ष्य की प्राप्ति में कठिनाई अनुभव की जा रही है। केन्द्र सरकार इसमें भी आवश्यक तकनीकी का सुधार करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर लोगों में किसी तरह की भ्रांति न रहे, इसके लिए लोगों को मीडिया का सहयोग लेकर निरन्तर जागरूक किया जाए, उन्होंने कहा कि कोरोना से जंग जीतने के लिए वैक्सीन की एक-एक बूंद कीमती है। वैक्सीनेशन सेन्टर्स पर प्रबंधन इस प्रकार से हो कि हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत से तैयार वैक्सीन का अधिकतम सदुपयोग हो सके। श्री गहलोत ने कहा कि प्रदेश में अब तक टीकाकरण से कोई गंभीर या असामान्य दुष्प्रभाव देखने को नहीं मिला है, इसलिए लोग पूरे विश्वास के साथ टीकाकरण करवाएं और किसी भी तरह की भ्रांति से बचें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव श्री सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि भारत सरकार की गाइडलाइन में विभिन्न कारणों से वैक्सीन की ९० प्रतिशत मात्रा के उपयोग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन राजस्थान में अभी तक ९६.५९ प्रतिशत वैक्सीन का उपयोग किया गया है। प्रदेश में वैक्सीन का वेस्टेज प्रतिशत मात्र ३.४० रहा है, हम इसे और कम करने के लिए प्रयासरत हैं, उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रथम तीन दिन में ५०१ सेशन साइट्स पर ३२३७९ लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया है, यह राष्ट्रीय औसत से करीब ९ प्रतिशत अधिक है।

.विश्व स्वास्थ्य संगठन के राजस्थान प्रमुख डॉ. राकेश ने प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि प्रदेश में टीकाकरण की ६७ प्रतिशत साइट्स का निरीक्षण किया गया है, इसमें स्टेट स्टीयरिंग कमेटी, स्टेट एवं डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक, निजी संस्थानों का आमुखीकरण, वैक्सीनेशन टीम और मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षण सहित अन्य मानकों पर राजस्थान की परफोरमेंस अन्य राज्यों से काफी बेहतर रही है, राजस्थान सभी मानकों पर ग्रीन कैटेगरी में रहने वाला राज्य है।

आरयूएचएस के कुलपति डॉ. राजाबाबू पंवार, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर भण्डारी, विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. रमन शर्मा, डॉ. रामबाबू शर्मा सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों ने टीकाकरण के संबंध में अनुभव साझा करने के साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, मुख्य सचिव निरंजन आर्य, पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर, प्रमुख शासन सचिव गृह अभय कुमार, शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा वैभव गालरिया, शासन सचिव स्वायत्त शासन भवानी सिंह देथा, सूचना एवं जनसम्पर्क आयुक्त महेन्द्र सोनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मारवाड़ी समाज द्वारा गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया

कलबुर्गी: बालाजी गार्डन में ७२वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। मारवाड़ी समाज के उपाध्यक्ष श्री अरविंद बराडीया ने ध्वज फहराया। साथ थे सचिव द्वारका प्रसाद तिवाडी, शिरीश ओझा, हरिकिशन दायमा, रामगोपाल दायमा, विद्याधर शर्मा, दिपक बलदवा, सुरेश सेन, मनोज चव्वान आदि उपस्थित थे।

गौरवमय राजस्थान की शिक्षा जगत में प्रगति

राजस्थान शौर्य एवं बलिदान की गाथाओं से भरा हुआ क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत देश का सबसे बड़ा प्रान्त है, जो २३°३' उत्तरी अक्षांश से ३०°२ उत्तरी अक्षांश के मध्य तथा ६९°३०! पूर्वी देशान्तर से ७८°१२' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है, जिसका क्षेत्रफल ३,४२,२३९ वर्गकिलोमीटर है।

राजस्थान अपनी सामाजिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक थातियों का अनुपम संग्रहालय है, जहाँ सुनहरे धोरे, हरे भरे पहाड़, ऊँचे किले, भरे पूरे घर, सम्मोहक गाथा, रंग-बिरंगा पहनावा, सुरीले गीत, समृद्ध कला ऐतिहासिक सम्पदा, विकास की गति, प्रतिपल प्रगति, सांस्कृतिक विविधता, भावनात्मक एकता, शौर्य और मान, विजय, स्वाभिमान, ऐसे अनेक पहलू हैं जो विभिन्न रंगों की तरह आज राजस्थान के प्रतीक हैं और इनकी नींव है देश की आन-बान-शान के लिए अपने प्राणों को उत्सर्ग करने वाले वीर-वीरांगनाओं ने अपने प्राणों का बलिदान किया तथा देश का गौरव बढ़ाया। आतताइयों ने कई बार इस देश को रौंदने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन यहाँ के रणबांकुरों ने हमेशा आतताइयों को लोहे के चने चबवाये। आजादी के बाद देश के चहुंमुखी विकास में हर नागरिक ने अपना दायित्व समझकर योगदान दिया। कला, कौशल, उद्योग धन्धे, कल कारखाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, जलयोजना, पशुपालन, कृषि सभी क्षेत्रों में अभिनव वैज्ञानिक प्रयोग कर क्रान्तिकारी परिवर्तन हासिल किया, फिर भी कुछ ऐसी समस्याएं हैं जो प्रदेश के विकास में अवरोधक बनी हुयी है।

माँ का प्रश्न

कहते हो मुझको माता, तो पूछूँ एक सवाल।
मैं भारत हूँ भारत बोलोगे, बोलो ना लाल! (मु)

कैसे अंगीकार करूँ मैं, नाम गुलामी वाला!
पूछे मेरा पुत्र भरत तो, मुँह को लगता ताला॥
क्या 'इण्डिया' कहने पर होता, उन्नत देश का भाल?
मैं भारत हूँ भारत बोलोगे, बोलो ना लाल! (१)

संस्कार मेरे जन-जन में, इसी नाम से आते।
भारत की जयकार करो तो, गौरव-पौरूष पाते॥
'इण्डिया' में इतिहास की काली, परछाई विकराल।
मैं भारत हूँ भारत बोलोगे, बोलो ना लाल! (२)

गीता में अर्जुन को पुकारे, इसी नाम से केशव।
जगद्गुरू भारत कहलाता, भारतीय का वैभव॥
पहचानो 'इण्डिया' में छुपी है, जो पश्चिम की चाल।
मैं भारत हूँ भारत बोलोगे, बोलो ना लाल! (३)

प्रतीक 'भारत' पलोड़ (दर्पण)

प्रयाण गीत

बिजयसिंह 'पथिक' बिजैलियां- भीलवाड़ा (राज.)

उठो वीरगण करो प्रयाण।
विजय हो, या दे दो प्राण।।
हां लो ठान, समर महान,
बढ़-बढ़, चढ़-चढ़ हो बलिदान।
छेड़ो भारत सम्मान की तान।।
विजय ।।१।।
बाल वृद्ध मिल गावें गान्, जय-जय प्यारो राजस्थान!
श्वान समान, खो सम्मान।
गुच चुप सह लें क्यों अपमान।
प्राण जाये पर जाये न आन ।। विजय ।।२।।
हिन्दू रक्त न हो बदनाम, हो न कलंकित 'भारत' नाम।
गाते गान, हों कुर्बान,
अरिदल कल बल खोदे शान।
रहे दृष्टि में लक्ष्य महान ।। विजय ।।३।।
कर सत्याग्रह कठिन कृपाण,
मन में हो मातृभूमि कल्याण।
राजस्थान हो या भारत महान
मैं भारत हूँ
एक ध्येय हो-एक विधान
एक नाम हो 'भारत' महान ।।विजय।।४।।

भारत को 'भारत' ही बोला जाए

जैसलमेर रियासत के ४४ वें महारावल श्री चैतन्यराज सिंह जी के राजगद्दी पर विराजमान होने पर बधाई एवं उत्तरोत्तर प्रगति की मंगलकामनाएं।
आपका वैभव हमेशा बना रहे, और भारत को 'भारत' ही बोला जाए

श्री हनुमान जी का मंदिर, जाटों का बास, नापासर

श्री इच्छापूर्ण बालाजी मन्दिर, गाढ़वाला

श्री तौलीयासर भैरूनाथ जी

नागदेवता मन्दिर

नवयुवक पुस्तकालय

हनुमानदास हरिशंकर झंवर


नेताजी महाराज

बस स्टेण्ड

पुलिस स्टेशन

देवी मंदिर

मांडण प्याऊ

मैन बाजार

माहेश्वरी भवन

सच्चियाय माता मंदिर, नापासर

राजकीय प्राथमिक विद्यालय

उपडाकघर

राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय

पांडरीया तलाई

मैं भारत हूँ

मेरे सपूतों आज मैं तुमको
'मन की बात' सुनाती हूँ
जन्मभूमि हूँ तुम सबकी
'भारत' मैं कहलाती हूँ...

युगों युगों से बहने वाली
(अनवरत) संस्कृति की धारा हूँ
दुनिया लोहा मान चुकी पर
(अपने) 'नाम' के लिए बेसहारा हूँ

मुझे लौटा दो मेरा नाम
तुम सबको मनाती हूँ
जन्मभूमि हूँ तुम सबकी
'भारत' मैं कहलाती हूँ...

हर एक बच्चा नाम है अपना
मात पिता से पाता है
गौरांवित माँ हूँ मेरा नाम
(पराक्रमी) पुत्रों से आता है

सूर्यवंशी भी चन्द्रवंशी भी
इक्ष्वाकु की धरती हूँ
चक्रवर्ती भारत लालों से
'भारत' मैं कहलाती हूँ...

मेरी पुत्री संस्कृत ने भी
मेरा नाम सजाया है
भा-से 'ज्ञान' भा-से 'ओज'
भा-से 'हवन की ज्योति' बनाया है

रत- से 'भीगी' हरदम मैं
ज्ञान ओज में रहती हूँ
जन्मभूमि हूँ तुम सबकी
'भारत' मैं कहलाती हूँ...

आक्रांताओं ने जब भी मुझको
लूटा और खसोटा है
धूल चटाता शूरवीर
मेरा हर इक बेटा है

लुटा नाम मेरा लौटा दो
अपना 'नाम' तुझसे चाहती हूँ
जन्मभूमि हूँ तुम सबकी
'भारत' मैं कहलाती हूँ...

देश-विदेश में नाम अमर हो
हर एक इंसा चाहता है
फिर नालायक जगत में मुझको
क्यूँ India, India गाता है

मेरा नाम ले बड़े शान से
क्यूँ दर्द पराये नाम का सहती हूँ
जन्मभूमि हूँ तुम सबकी
'भारत' में कहलाती हूँ...

नगर भवन या गली सड़क हो
सबका नाम लौटाया है
सबके ऊपर 'भारत' को आखिर
ऐसे कैसे भुलाया है

'मैं भारत हूँ' भारत रहने दे
आदेश मैं तुझको देती हूँ
जन्मभूमि हूँ तुम सबकी
'भारत' मैं कहलाती हूँ...

मेरे सपूतों आज मैं तुमको
'मन की बात' सुनाती हूँ
जन्मभूमि हूँ तुम सबकी
'भारत' मैं कहलाती हूँ...

- शिखा (बांगड़) मूंदड़ा
मुंबई, महाराष्ट्र, भारत

माहेश्वरी परिचय मित्र द्वारा किया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्र में बायोडाटा सर्वे

माहेश्वरी परिचय मित्र टेलिग्राम बायोडाटा ग्रुप, पिछले ४ सालों से माहेश्वरी समाज के लिए घर बैठे रिश्ते ढूंढने में सहयोग प्रदान कर रहा है। इससे पहले भी परिचय मित्र निःशुल्क हाई प्रोफेशनल बायोडाटा का सर्वे और री मैरिज (विधवा, विधुर, तलाकशुदा और दिव्यांग) बायोडाटा का सर्वे कर चुका है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अभी भी शादी विवाह में बहुत विकट समस्या का सामना करना पड़ रहा है इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को निःशुल्क निस्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान करने के लिए माहेश्वरी परिचय मित्र टेलिग्राम बायोडाटा ग्रुप ने सभी का हाथ थामने का प्रयास किया है। १ फरवरी २०२१ से १५ मार्च २०२१ तक होने वाले सर्वे में आप निःशुल्क बायोडाटा भेज सकते हो लेकिन कुछ नियम बनाए गए हैं जिनको मानना अनिवार्य है अन्यथा इस सर्वे में बायोडाटा नहीं लगाया जाएगा।

किसी भी लड़की का बायोडाटा आप सिंगल भेज सकते हैं लेकिन अगर आप किसी भी लड़के का बायोडाटा भेज रहे हो तो उसके साथ आपको लड़की का बायोडाटा भेजना अनिवार्य है तभी उस लड़के का बायोडाटा इस सर्वे में लगाया जाएगा। अधिक जानकारी के लिये संपर्क करें।

-सुमन मूंधड़ा,
भ्रमणध्वनि: ७८७७४३१०३७

मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण निर्णय
पेट्रोल-डीजल पर वैट में दो प्रतिशत की कमी

नई दिल्ली: जयपुर, २९ जनवरी २०२१ मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य में पेट्रोल एवं डीजल पर लगने वाले वैट की दर में २ प्रतिशत की कमी कर पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ती कीमतों से लोगों को बड़ी राहत दी है।

इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। यह आदेश २८ जनवरी रात १२ बजे से प्रभावी हुआ। कोविड-१९ महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियों के प्रभावित होने तथा राजस्व में आई कमी के बावजूद मुख्यमंत्री ने आमजन के हित में यह महत्वपूर्ण निर्णय किया है। इससे आमजन के साथ-साथ ट्रांसपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट एवं अन्य व्यवसाय को भी काफी राहत मिलेगी।

वैट की दरों में कमी से राज्य सरकार को प्रतिवर्ष राजस्व में अनुमानतः एक हजार करोड़ रूपए की कमी आयेगी। केन्द्र सरकार ले रही पेट्रोल पर ३२.९८ और डीजल पर ३१.८३ रु. प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी श्री गहलोत ने कहा है कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड ऑयल के दाम लंबे समय तक न्यूनतम स्तर पर होने के बावजूद पेट्रोल-डीजल के दाम उच्चतम स्तर पर होने से महंगाई बढ़ रही है और आमजन को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारत सरकार द्वारा वर्तमान में पेट्रोल पर ३२ रुपये ९८ पैसे प्रति लीटर तथा डीजल पर ३१ रुपये ८३ पैसे प्रति लीटर उत्पाद शुल्क लिया जा रहा है, जो अत्यधिक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा बेसिक एक्साइज ड्यूटी राज्यों को दिये जाने वाले डिविजिएबल पूल का हिस्सा होती है। जिसे लगातार कम करते हुये पेट्रोल पर ९.४८ रुपये से २.९८ रुपये तथा डीजल पर ११.३३ रुपये से ४.८३ रुपये किया जा चुका है। जिससे राजस्थान सहित सभी राज्यों को राजस्व की भारी हानि हो रही है।

केन्द्र भी दे राहत

श्री गहलोत ने कहा कि भारत सरकार द्वारा एडिशनल एक्साईज ड्यूटी को लगातार बढ़ाते हुये पेट्रोल एवं डीजल पर ८ रुपये से १८ रुपये प्रति लीटर तथा स्पेशल एक्साईज ड्यूटी को बढ़ाकर पेट्रोल पर ७ रुपये से १२ रुपये एवं डीजल पर शून्य से बढ़ाकर ९ रुपये प्रति लीटर किया जा चुका है। भारत सरकार की इस नीति के कारण राज्यों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। साथ ही आमजन को महंगे पेट्रोल-डीजल की मार झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जो पहल की है, केन्द्र सरकार भी उसका अनुसरण करते हुये पेट्रोल एवं डीजल पर केन्द्रीय करों में कमी कर लोगों को राहत दे।

कोरोना ने कहा इण्डिया भारत बन रहा

कुछ-कुछ ऐसा हो रहा,
इण्डिया, भारत बन रहा।
डी जे का धुन ठिठक गया,
रामायण का धुन बज रहा।
हवाई और रेल यात्रा रूक गए
पद यात्रा का दौर चल रहा।
कुछ-कुछ ऐसा हो रहा,
इण्डिया, भारत बन रहा।
जंक फूड को जंग लग रहे,
देशी व्यंजन घर मे पक रहा।
हाथ मिलाना-गले लगना बंद है,
नमस्ते से अभिवादन चल रहा।
कुछ-कुछ ऐसा हो रहा,
इण्डिया, भारत बन रहा।
शीतल पेय अनर्गल लग रहे,
लस्सी-चाय का चलन बढ़ रहा।
पिज्जा, बर्गर बिसरा गये अब,
दाल रोटी का डंका बज रहा।
कुछ कुछ ऐसा हो रहा,
इण्डिया, भारत बन रहा।
बिग बास के दिन अब लद गये,
ज्येष्ठ भ्राताश्री भड़क रहे।
सरपट भाग रहा था मानव
घर पर थोड़ा रम रहा।
कुछ-कुछ ऐसा हो रहा।
इण्डिया, भारत बन रहा।
जरूरतें सारी सिमट गयी
थोड़े में ही काम चल रहा।
अपने लिए तो ही रहे हैं,
औरों के लिए दीप जला रहे हैं
कुछ-कुछ ऐसा हो रहा।
इण्डिया, भारत बन रहा।
प्रदूषण भी जरा कम हुआ है,
गंगा,यमुना प्राकृतिक
निर्मल धारा से
कलकल करती बह रही
खुला आसमान तक रहा है।
विश्व सारा जूझ रहा है।
भारतीय संस्कृति चमक रही।
कुछ-कुछ ऐसा हो रहा।
इण्डिया, भारत बन रहा...

पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा

विश्व में भारत को कब 'भारत' ही कहा जाएगा ?
बिजय जी! आप आगे बढें आपके अरमान पूरे होगें
भारत को 'भारत' ही बोला जाएगा

मंगल चंद सगतानी
भ्रणध्वनि: ९८३२०२१४११

श्री बालाजी ट्रेड लिंक
नेहरू रोड़, खालपाड़ा, सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल, भारत - ७३४००४
दूरध्वनि: ०३५३-२५००६६७

मंगल केनवासेस
जी.टी. बिल्डिंग, नया बाजार, सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल, भारत - ७३४००५
दूरध्वनि: ०३५३-२५३११७५, २५३१५८६

भारतीय भाषा को अपनाओ अभियान
भारत की बनें राष्ट्रभाषा ये है हमारा आव्हान
नीम लगायें पर्यावरण बचाये

BIYANI
GROUP OF COLLEGES

BIYANI
Where you can trust

Follow us

Accredited 'A' Grade by NAAC

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2020-21

On Campus Hostel Facility (For Girls)

VISION : YOUTH EMPOWERMENT | MISSION : PROFESSIONAL EDUCATION

- **Biyani Girls College**
  (NAAC Accredited) www.biyanicolleges.org
- **Biyani Inst. of Science & Mgmt. for Girls**
  (NAAC Accredited) www.bisma.in
- **Biyani Girls B.Ed. College**
  (NAAC Accredited) www.biyanigirlscollege.com
- **Biyani School of Nursing & Paramedical Science for Girls**
  www.biyaninursingcollege.com
- **Biyani Ayurvedic Medical College & Hospital for Girls**
  www.biyaniayurvediccollege.com
- **Biyani College of Science & Mgmt. (Co-Ed.)**
  www.bcsmjaipur.com
- **Biyani Law College (Co-Ed.)**
  www.biyanilawcollege.com
- **Biyani Inst. of Pharmaceutical Sciences (Co-Ed.)**
  www.biyanipharmacycollege.com
- **Biyani Private ITI (Co-Ed.)**
  www.biyaniiti.com
- **Biyani Inst. of Skill Development (Co-Ed.)**
  www.bisd.in
- **Biyani Inst. of Yoga & Naturopathy (Co-Ed.)**
  www.biyanicolleges.org

GURUKPO .COM — www.gurukpo.com

BIYANI TV — www.youtube.com/BiyaniTv

बियानी टाइम्स BIYANI TIMES JAIPUR — www.biyanitimes.com

Radio Selfie 90.8 FM — www.radioselfie.in

BioSeeds — www.bioseeds.jp

Campus 1 : Sector-3, Vidhyadhar Nagar, Jaipur, Rajasthan, India
Campus 2 : Kalwar-Jobner Road, Kalwar, Jaipur, Rajasthan, India
Campus 3 : Champapura, Kalwar Road, Jaipur, Rajasthan, India

Phone : 8890435298, 8290636942, 0141-2338591
E-mail : acad@biyanicolleges.org
Website : www.biyanicolleges.org

For more information visit our website : www.biyanicolleges.org & fill the enquiry/feedback form

जैन समाज एकत्र हो यह है हमारा नारा
इसके लिए चाहिए मात्र आप ही का सहारा

पंजीकृत कार्यालय

बी-२१७, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत -४०० ०५९

दूरध्वनि: ०२२-२८५० ९९९९ अणुडाक: mailgaylordgroup@gmail.com अन्तरताना : www.jinagam.co.in

RNI No. MAHHIN/ 2003/11570
Postal Registration No. MCN/113/2019-2021
WPP License No. MR/Tech/WPP-246/North/2019-21
'License to post without prepayment'
Published on 28/01/2021 & Posting on 30th of every previous Month
at Marol Bazar Post Office, Mumbai - 400 059.

ADD Gel®

ACHIEVER®

THE WORLD'S
FINEST GEL PEN

Non Dry
NOW...UPTO 2 YEARS

ONLY ₹50/- PER PC

LEADERS IN WRITING TECHNOLOGY

Presenting New ADD Gel Achiever, the world's finest gel pen.With improved dye base ink that stays Non-Dry for up to 2 years.For smoother, effortless writing.

www.addpens.com

गेलाई पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक व प्रकाशक बिजय कुमार जैन द्वारा विनय ग्राफिक्स, युनिट नं 13, रवी इन्ड. को.-ऑप. सोसाइटी लि., 25 महल इन्ड ईस्टेट, महाकाली केव्हज रोड अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400093 से मुद्रित करवाकर बी-217, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400 059 से प्रकाशित किया गया, टेलीफैक्स-022-2850 9999
अणुडाक - mailgaylordgroup@gmail.com अन्तरताना - www.merarajasthan.co.in